मंगलवार
26 सितंबर 2023

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



जल्द होगी नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने की घोषणा

2

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ

चार दिन शेष... चलन से बाहर होने से पहले बदल लें 2000 के नोट

- आरबीआई समेत देश के सभी बैंकों में नोट एक्सचेंज की सुविधा मौजूद
- सरकार के निर्देशों के अनुसार नोट बदलने की अंतिम तिथि 30 सितंबर तय की गई है

एजेंसी/नई दिल्ली

सितंबर खत्म होने को आया है और इसी के साथ चलन में मौजूद सबसे बड़े 2000 रुपये के नोटों को बदलने की डेडलाइन भी आ गई है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने इसके लिए 30 सितंबर की अंतिम तारीख तय की है, जिसमें सिर्फ चार दिनों का वक्त बचा है। अगर आपने अभी तक 2000 के नोट नहीं बदले हैं तो तुरंत अपने नजदीकी बैंक में जाइए और नोट बदल लीजिए। वैसे तो आरबीआई के आदेश पर बैंकों में बिना किसी दस्तावेज के 2000 के नोट बदले जा रहे हैं, लेकिन कुछ पब्लिक सेक्टर के बैंकों ने पहचान संबंधित दस्तावेज देखना शुरू किया है। इसलिए अपने साथ अपना सरकारी आई कार्ड जरूर रखें, ताकि परेशानी ना हो। आरबीआई समेत देश के सभी बैंकों में नोट एक्सचेंज की सुविधा मौजूद है।

बैंकों में जाने से पहले आपको एक बार होलीडे लिस्ट भी जरूर देख लेनी चाहिए. बैंक 25 सितंबर से 27 सितंबर यानि सोमवार से बुधवार को खुले रहेंगे। गुरुवार यानी 28 सितंबर को मिलाद -उल-नबी और ईद-उल-मिलाद के मौके पर बैंक बंद रहेंगे। शुक्रवार और शनिवार यानी 29 और 30 सितंबर को रेगुलर टाइमिंग के मुताबिक बैंक खुलेंगे। यानी आपके पास केवल 25 से 27 सितंबर और 29 से 30 सितंबर की तारीख 2000 के नोट को एक्सचेंज करने के लिए बचे हैं तो जल्दी करिए।



नोटबंदी के समय चालू हुए थे दो हजार रुपए के नोट

वर्ष 2016 के नवंबर से 2,000 रुपये के नोट को चलन में लाया गया था। साथ ही 500 रुपये और 1000 रुपये के नोट को बंद कर दिए गए थे। 30 सितंबर 2023 के बाद से 2000 रुपये के नोट भी वैलिड नहीं रहेंगे। मई महीने के तीसरे हफ्ते में आरबीआई ने एक अधिसूचना जारी कर 2000 के नोटों को चलन से बाहर करने की घोषणा की थी। इसके लिए 30 सितंबर की डेडलाइन तय कर लोगों से बैंक में जाकर नोट बदलने को कहा गया था।

एआईएडीएमके ने तोड़ा एनडीए से गठबंधन

चेन्नई। तमिलनाडु में बीजेपी को झटका लगा है। एआईएडीएमके ने सोमवार को बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए से गठबंधन तोड़ने का ऐलान किया। इस संबंध में पार्टी ने प्रस्ताव पारित किया है। एआईएडीएमके नेताओं की बैठक के बाद पार्टी के उप समन्वयक के पी मुनुसामी ने कहा, एआईएडीएमके बीजेपी और एनडीए से सभी रिश्ते तोड़ रही है। बीजेपी से गठबंधन तोड़ने के बाद एआईएडीएमके के वर्करों ने पटाखे फोड़े। पार्टी ने कहा, बीजेपी का राज्य नेतृत्व लगातार हमारे पूर्व नेताओं, हमारे महासचिव ईपीएस और हमारे कार्यकताओं पर अनावश्यक टिप्पणी कर रहा है।

धर्म परिवर्तन का खतरा ग्रामीण इलाकों में कहीं ज्यादा: भागवत

- आरएसएस प्रमुख ने धर्म परिवर्तन और लव जिहाद पर जताई गहरी चिंता
- बोले- संघ के पदाधिकारी दोनों मुद्दों को आक्रामक ढंग से लोगों के सामने उठाएं

एजेंसी/लखनऊ



राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) के चीफ मोहन भागवत ने धर्म परिवर्तन और लव जिहाद पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने संघ के पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इन दोनों मुद्दों को आक्रामक तरीके से लोगों के सामने उठाना चाहिए और ये सुनिश्चित करना चाहिए कि इस पर अंकुश लगाया जाए। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, लखनऊ में एक बैठक के दौरान मोहन भागवत ने आरएसएस कार्यकताओं से कहा, धर्म परिवर्तन का खतरा ग्रामीण इलाकों में कहीं ज्यादा है, जो भारी चिंता का कारण है। हमें खासतौर पर उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है जहां राष्ट्रविरोधी और असामाजिक तत्व सक्रिय थे। मोहन भागवत लखनऊ में चार दिनों के दौरे पर हैं।

जागरूकता फैलाने का काम करेंगे स्वंयसेवक: संगठन की गतिविधियों को बढ़ाने के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में खासतौर पर उन इलाकों में जहां पर असामाजिक और राष्ट्र विरोध तत्व सक्रिय हैं, लव जिहाद और धर्म परिवर्तन के खिलाफ जन जागरूकता अभियान चलाने के लिए काम किया जाएगा। मोहन भागवत ने कहा, ह्लव जिहाद और धर्मांतरण रोकने के लिए समाज को जागरुक करना जरूरी है। संघ की शाखाएं जहां पहुंचती हैं वहां पर इस तरह की समस्या अपने आप खत्म हो जाती हैं। इसलिए शाखाओं को लेकर हर तबके और क्षेत्र में पहुंचना है।

धर्मांतरण के बारे में हिंदुओं को बताएं कार्यकर्ता: उन्होंने आगे कहा, संघ के कार्यकताओं की जिम्मेदारी सबसे ज्यादा है, वह खुद हिंदुओं के बीच धर्मांतरण के बारे में बताएं, उन्हें जागरूक करें। सबसे पहला काम हो सबको जागरूक करना। संघर्ष की बजाए संवाद का रास्ता चुनें ताकि संघ को लेकर बेवजह विवाद न खड़ा हो। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि धर्मांतरण के एक-एक मामले की तह में जाना चाहिए। कारण पता होने से ही निराकरण संभव है।

पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर कार्यक्रम में बोले पीएम मोदी

अर्बन नक्सलियों के पास है कांग्रेस को चलाने का ठेका

- पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा- जब बीजेपी गारंटी देती है, तो वो गारंटी जमीन पर उतरती है, घर-घर पहुंचती है
- कांग्रेस अब नेता नहीं चला रहे यह अब ऐसी कंपनी बन गई है जो नारों से लेकर नीतियां तक आउटसोर्स कर रही

एजेंसी/नई दिल्ली

भोपाल में सोमवार को जनसंघ के सह-संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर कार्यकर्ता महाकुंभ का आयोजन हुआ। पीएम नरेंद्र मोदी इस महाकुंभ में शामिल हुए। यहां उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस जंग लगा वह लोहा है जो बारिश में रखे-रखे खत्म हो जाता है, बेईमान और भ्रष्ट नीयत कांग्रेस नेताओं को अच्छे काम करने से रोकती थी। आजादी के बाद मध्य प्रदेश में लंबे समय तक कांग्रेस का ही शासन रहा, लेकिन कांग्रेस ने साधन संपन्न मध्य प्रदेश को बीमारू बना दिया। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस अब नेता नहीं चला रहे हैं, कांग्रेस अब ऐसी कंपनी बन गई है जो नारों से लेकर नीतियां तक आउटसोर्स कर रही है। यह ठेका अर्बन नक्सलियों के पास है, इसलिए कांग्रेस जमीन पर भी खोखली हो रही है, कार्यकर्ता निराश हो रहे हैं। करीब 20 साल से मध्य प्रदेश में बीजेपी सरकार है, यहां विकास की झलक दिखाई देती है। पीएम मोदी ने कहा कि मध्य प्रदेश बीजेपी के विकास के विजन का महत्वपूर्ण केन्द्र है। बीजेपी के साथ देश के इस दिल मध्य प्रदेश का जुड़ाव रहा है। मोदी का मिजाज भी, मेहनत भी और मिशन भी अलग है। मेरे लिए देश और देशवासियों से बड़ा कुछ भी नहीं है। मैं अभावों में रहा हूं, लेकिन अपने देश को अभावों में नहीं रहने दूंगा। मोदी यानी हर गारंटी पूरी होने की गारंटी है। जब मोदी गारंटी देता है, जब बीजेपी गारंटी देती है, तो वो गारंटी जमीन पर उतरती है, घर-घर पहुंचती है। मोदी ने कहा कि मध्य प्रदेश के विकास के लिए आने वाले साल बहुत महत्वपूर्ण हैं। कार्यकर्ता महाकुम्भ में ये जनसैलाब यह बताता है कि बीजेपी नई ऊर्जा से भरी हुई है।



कांग्रेस के शासन की पहचान थी कुनीति, कुशासन व करप्शन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार वोट करने वाले मध्य प्रदेश के युवा वोटर्स से कहा कि मध्य प्रदेश में बीजेपी की सरकार को लगभग 20 साल पूरे हो गए हैं, यानी जो युवा इस बार के चुनाव में पहली बार वोट डालेंगे, उन्होंने बीजेपी की सरकार को ही देखा है। ये युवा सौभाग्यशाली हैं कि इन्होने एमपी में कांग्रेस का वो बुरा शासन, वो बुराइयां देखी नहीं है। एमपी में कांग्रेस के शासन की पहचान थी कुनीति, कुशासन और करोड़ों का करप्शन।

हमारी सरकार आएगी तो कराएंगे जातीय जनगणना: राहुल गांधी

संसद से महिला आरक्षण बिल पास होने के बाद से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी लगातार जातीय जनगणना के मुद्दे के सहारे केंद्र सरकार पर निशाना साध रहे हैं। इस बीच राहुल गांधी ने छत्तीसगढ़ के दौरे पर एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि जैसे ही हमारी सरकार आएगी, हम जातीय जनगणना कराएंगे। छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के आवास न्याय सम्मेलन के कार्यक्रम में राहुल गांधी ने पार्टी के हर चुनावी वादों को पूरा करने की बात कही। उन्होंने कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान का उदाहरण देते हुए कहा कि चुनाव जीतने के बाद हम सारे वादे पूरे कर देते हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा, कांग्रेस पार्टी ने जाति जनगणना की थी। उसमें भारत में किस जाति के कितने लोग हैं, ये डेटा उसमें है। नरेंद्र मोदी ये डेटा जनता को नहीं दिखाना चाहते। मैंने संसद में जाति जनगणना की बात की तो कैमरा घुमा दिया। उन्होंने कहा,'भारत सरकार को सांसद नहीं चलाते हैं। इसे कैबिनेट सेकेट्री और विभाग के सेकेट्री चलाते हैं। इन विभागों के 90 सेकेट्री हर योजना पर फैसला लेते हैं। नरेंद्र मोदी सरकार के इन 90 लोगों में ओबीसी के केवल 3 लोग हैं।

जाति जनगणना है भारत का एक्सरे: राहुल गांधी ने सवाल खड़ा करते हुए कहा कि क्या हमारे देश में सिर्फ 5 फीसदी ओबीसी है? उन्होंने कहा कि इस सवाल का जवाब सिर्फ जाति जनगणना से मिल सकता है। उन्होंने कहा, 'जिस तरह मरीज को चोट लगने पर डॉक्टर एक्सरे कराता है, उसी तरह जाति जनगणना भारत का एक्सरे हैं। इससे पता चल जाएगा कि देश में ओबीसी, दलित, आदिवासी, महिलाएं और सामान्य जाति के कितने लोग हैं।

असम में तीन करोड़ रुपये की हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

एजेंसी/गुवाहाटी

असम के कार्बी आंगलोंग जिले में सोमवार को तीन करोड़ रुपये से अधिक की हेरोइन के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने खटखटी थाना क्षेत्र के कारागांव में अभियान चलाया और प्लास्टिक बैग लेकर घूम रहे व्यक्ति को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान पुलिस को 47 साबुन की डिब्बियों में छिपाकर रखी गई 583.08 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान करीमगंज जिले के निवासी 43 वर्षीय समसुल हक के रूप में हुई है।

आठ विदेशी जानवर जब्त : वहीं, कछार जिले में पुलिस ने म्यांमार से तस्करी करके लाए जा रहे आठ विदेशी जानवरों को जब्त किया। इस सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। काचा के पुलिस अधीक्षक नुमल महत्ता ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक अभियान चलाया गया और रविवार शाम को असम-मिजोरम सीमा पर लैलापुर गेट पर मिजोरम से आ रहे एक वाहन से जानवरों को बरामद किया गया।



योगी सरकार और हिंदुजा की पहल से मोटर सिटी हो सकता है लखनऊ

डेट्रायट बनने की रेस में नवाबों का शहर

- धीरज हिंदुजा समूह के स्वामित्व वाली लीलैंड कंपनी से 1500 करोड़ रुपये का हुआ है एमोयू
- लखनऊ के बंद पड़ी स्कूटर्स इंडिया की खाली जमीन पर लग सकती है कंपनी

केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ

किसी जमाने में फोर्ड और मोटर कार एक दूसरे के पर्याय थे। हेनरी फोर्ड नामक एक अमेरिकी उद्यमी ने वहां के डेट्रायट शहर में वाहन बनाने की एक इकाई लगाई। दूसरे विश्व युद्ध के बाद यह शहर न सिर्फ मोटर कारों का बल्कि अन्य कामर्शियल वाहनों के उत्पादन का प्रमुख केंद्र बन गया। बड़ी संख्या में मुख्य इकाइयों और अनुषांगिक इकाइयों में निवेश हुए। बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी मिला। आटो इंडस्ट्री के जरिये यही प्रयास हिंदुजा समूह से मिलकर उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार भी करने जा रही है।

पिछले दिनों इसी बाबत मुख्यमंत्री की मौजूदगी में धीरज हिंदुजा समूह के स्वामित्व वाली लीलैंड कंपनी से 1500 करोड़ रुपये का मेमोरंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमोयू) हुआ। यह एमओयू इलेक्ट्रिकल कमर्शियल वाहनों के लिए हुआ। खास बात यह है कि प्रदेश सरकार ने इलेक्ट्रिकल कमर्शियल वाहनों के उत्पादन के लिए पहली बार किसी औद्योगिक घराने से ऐसा (एमओयू) किया है। फिलहाल कंपनी और सरकार का संबंधित विभाग, इसके लिए जमीन तलाश रहे हैं। अधिक संभावना यह है कि प्रस्तावित इकाई लखनऊ के बंद पड़ी स्कूटर्स इंडिया की खाली जमीन पर लगेगी। हालांकि प्रयागराज में भी जमीन देखी गई है।



यूपी में किसी दिग्गज ऑटो कंपनी का यह पहला निवेश होगा: अगर लखनऊ में हिंदुजा का यह प्लांट लगा तो भविष्य में नवाबों का यह शहर डेट्रायट की तरह मोटरसिटी के रूप में भी जाना जाएगा। यही नहीं हाल के वर्षों गुजरात और दक्षिण भारत को छोड़ दें तो उत्तर प्रदेश में किसी दिग्गज आटो कंपनी का यह पहला और बड़ा निवेश होगा। इसके पहले पश्चिम बंगाल के कोलकाता में अंबेसडर और हरियाणा के मानेसर में मारुति सुजुकी ने इस सेक्टर में बड़ा निवेश किया था।

बड़े पैमाने पर मिलेंगे रोजगार

इस तरह का महत्वाकांक्षी निवेश निवेशक के लिए तो लाभप्रद होता ही है इसमें बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार भी मिलता है। मुख्य इकाई के साथ कल पुर्जे बनाने वाली स्थानीय इकाइयों और तैयार वाहनों के ले जाने के लिए ट्रांसपोर्टेशन के भी क्षेत्र में। हिंदुजा की इकाई लगने से ये सारे लाभ उत्तर प्रदेश खासकर जहां यह इकाई लगेगी वहां के लोगों को होंगे। प्रस्तावित इकाई में कमर्शियल इलेक्ट्रिकल वाहन ही बनेंगे।

एक ट्रिलियन अर्थवयस्था के लक्ष्य में भी मिलेगी मदद: आंकड़ों के मुताबिक जीडीपी की वृद्धि में ऑटोमोबाइल उद्योग का बहुत बड़ा योगदान होता है। देश की कुल जीडीपी में इस सेक्टर का योगदान करीब 21 फीसद है। करीब दो करोड़ लोगों को इस सेक्टर में रोजगार मिला हुआ है। सेक्टर के प्रगति की दर यही रही तो 2030 तक इस क्षेत्र में करीब पांच करोड़ लोगों को रोजगार मिलेगा। तब इसमें उत्तर प्रदेश का का भी एक बड़ा योगदान होगा।

एक नजर में देश की ऑटो इंडस्ट्री: भारत इस समय दुनिया में ट्रैक्टर उत्पाद में नंबर एक, बस उत्पादन में नंबर दो और भारी ट्रक उत्पादन करने में तीसरे नंबर पर है। अनुमान है कि अगले कुछ वर्षों में भारत ई-कारें उत्पादित करने के मामले में तीसरे नंबर पर होगा। इन कारों की बिक्री बढ़ने का बड़ा कारण इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन में वृद्धि के साथ घटती कीमतें होंगी। यह इस सेक्टर में क्रांति जैसी होगी।

नीतीश कैबिनेट का बड़ा फैसला, आम लोगों को राहत

आईजीआईएमएस में दवा से लेकर इलाज तक फ्री में होगा



- राज्य कैबिनेट की बैठक में 10 एजेंडों पर लगी मुहर
- 28 यातायात थानों के लिए 849 पद सृजन की स्वीकृति
- आईजीआईएमएस में रजिस्ट्रेशन शुल्क व डीलक्स बेड में कोई छूट नहीं

केटी न्यूज/पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य कैबिनेट की बैठक सोमवार को हुई। इसमें दस एजेंडों पर मुहर लगी है। बिहार में कुल 28 यातायात थानों के लिए 849 पद सृजन की स्वीकृति कैबिनेट में की गई है। 28 यातायात में कुल 4215 पद की जरूरत थी जिसमें 3366 पदों पर नियुक्ति हो चुकी थी। 849 पद की नियुक्ति के लिए स्वीकृति मिल गई। कुल मिलाकर अब राज्य के सभी जिलों में यातायात थाना की स्वीकृति हो गई है। वहीं, इसके अलावा आईजीआईएमएस पटना में मरीजों को अब मुफ्त में दवा एवं सभी प्रकार चिकित्सा सुविधा मिलेगी। इसकी आपूर्ति बिहार चिकित्सा सेवा एवं आधारभूत संहिता नियम लिमिटेड के द्वारा आईजीएमएस में करवाया जाएगा। इसकी मंजूरी आज कैबिनेट में मिल गई है, लेकिन अस्पताल में रजिस्ट्रेशन शुल्क और डीलक्स बेड में कोई छूट नहीं दी गई है। डीलक्स बेड और रजिस्ट्रेशन शुल्क मरीजों को देने होंगे।

बैठक में माननीय उच्च न्यायालय पटना में संयुक्त निबंधक आईटी के स्थान पर संयुक्त निबंधक को परिवर्तित करने की स्वीकृति दी गई है। अल्पसंख्यक युवाओं को उद्योग और स्वरोजगार में बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री उद्यमी योजना की स्वीकृति दी गई। छपरा नगर निगम में जल निकासी के लिए स्ट्रॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम योजना की भी स्वीकृति दी गई। इस योजना पर 134.97 करोड़ रुपए खर्च होंगे। वहीं, मेसर्स ड्यूरोटेक सीमेंट इंडिया लि. समस्तीपुर को वित्तीय सहायता देने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति मिली है।

गांधी मैदान स्थित भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की भूमि पर गांधी मैदान मेट्रो रेल स्टेशन का निर्माण होगा। इसके लिए 48 लाख 78000 के भुगतान पर पटना मेट्रो रेल कारपोरेशन के लिए नगर विकास विभाग को हस्तांतरित किया गया है। तत्कालीन कानूनगो को बंदोबस्त कार्यालय नालंदा के मो. शाहिद खान को सेवा से बर्खास्त किया गया है। नालंदा के कतरी सराय अंचल के अंचलाधिकारी अश्विनी कुमार को सेवा से बर्खास्त किया गया है। अल्पसंख्यक वर्ग के युवाओं में उद्योग को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक उद्यमी योजना की स्वीकृति दी गई है। मेसर्स ड्यूरोटेक सीमेंट इंडिया लिमिटेड को समस्तीपुर में उद्योग लगाने के लिए वित्तीय प्रोत्साहन क्लीयरेंस की स्वीकृति दी गई है।

सीएम ने की जल संसाधन विभाग की समीक्षा

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को जल संसाधन विभाग की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने टाल विकास योजना के अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी ली और अधिकारियों को तेजी से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में जल संसाधन विभाग के परामर्शी रवीन्द्र शंकर ने टाल क्षेत्र के विकास और उनमें व्याप्त समस्याओं को दूर करने को लेकर बनाई गयी विभागीय योजनाओं का प्रस्तुतीकरण दिया, जिसमें टाल क्षेत्र की समस्यायें, टाल क्षेत्र विकास योजना का उद्देश्य, इसके अंतर्गत कराये जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मोकामा टाल के जलजमाव को दूर करने एवं जल का बेहतर आर्थिक उपयोग कैसे हो, इसको विस्तृत तौर पर इस योजना में सम्मिलित किया गया है। बिहार के दक्षिणी भू-भाग में 1062 वर्ग किलोमीटर में फतुहा से बड़हिया तक टाल क्षेत्र है। यह टाल पूरब से पश्चिम की ओर 7 टाल में विभक्त है, जिसमें बड़हिया टाल, सिंघौल टाल, बख्तियारपुर टाल, मोकामा टाल, मोर टाल, बाढ़ टाल, एवं फतुहा टाल है। इस टाल क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए टाल के जलजमाव को 15 अक्टूबर तक खाली किया जाना आवश्यक है। इस उदेश्य की पूर्ति के लिए योजना का सूत्रण कर मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुति दी गयी।

जल्द होगी नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने की घोषणा

- दुर्गा पूजा से पहले नियोजित शिक्षकों की मांग हो सकती है पूरी
- 15 अगस्त को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नियोजित शिक्षकों को उनकी मांगों पर दिया था आश्वासन

केटी न्यूज/पटना



बिहार में करीब 4 लाख नियोजित शिक्षकों और पुस्तकालयाध्यक्षों को राज्यकर्मी का दर्जा देने की घोषणा जल्द होगी। इससे संबंधित शिक्षा विभाग के प्रस्ताव पर राज्य मंत्रिमंडल की जल्द स्वीकृति ली जाएगी। लिहाजा, इसका ड्राफ्ट शिक्षा विभाग ने तैयार कर संबंधित विभागों को सहमति हेतु भेज दिया है। 2 अक्टूबर का बिहार की शिक्षा व्यवस्था में बड़ा महत्व रहा है। इसी दिन 1980 में बिहार सरकार ने प्रदेश के राजकीय विद्यालयों को छोड़ कर सभी प्राथमिक, मध्य और माध्यमिक विद्यालय का अधिग्रहण किया था। तब मुख्यमंत्री डॉ. जगन्नाथ मिश्र थे। इसलिए माना जा रहा है कि दुर्गा पूजा से पहले नियोजित शिक्षकों की चिर-प्रतीक्षित मांग को मानते हुए सरकार की ओर से त्योहारों के मौसम में शिक्षकों को जश्न मनाने का मौका मिलेगा।

स्वतंत्रता दिवस पर गांधी मैदान से दिया था आश्वासनः पिछले माह 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ऐतिहासिक गांधी मैदान में नियोजित शिक्षकों को उनकी मांगों पर आश्वासन दिया था। खास बात यह कि सरकार से नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा मिलने के बाद उनके वेतनमान बिहार लोक सेवा आयोग से नियुक्त होने वाले शिक्षकों के समतुल्य हो जाएगा। माना जा रहा है कि दो विकल्प के आधार पर नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा मिलने की संभावना है। पहला यह कि नियोजित शिक्षकों को विभागीय स्तर पर बिना आंतरिक परीक्षा कराए सरकार से राज्यकर्मी का दर्जा मिल जाए। दूसरी संभावना यह है कि विभागीय परीक्षा लेकर शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिया जाए। वैसे इसको लेकर मुख्यसचिव की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने पहले ही अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। यदि शिक्षकों को राज्यकर्मी घोषित किया जाता है तो राज्य की करीब नौ हजार नियोजन इकाईयों से बाहर हो जाएंगे और जिला संवर्ग में आ जाएंगे।

ये होगा लाभः नियोजित शिक्षकों व पुस्तकालयाध्यक्षों को राज्यकर्मी का दर्जा मिलने पर उनके वेतनमान बिहार लोक सेवा आयोग से नियुक्त होने वाले शिक्षकों के समान होगा। जैसा कि राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के फैसले के मुताबिक आयोग से नियुक्त होने वाले शिक्षकों को प्रतिमाह 35,064 रुपये से लेकर 51,130 रुपये एकमुश्त वेतनमान तय किया गया है। इसके अलावा सरकार पेंशन मद में भी योगदान करेगी। यह राशि अलग होगी। प्राथमिक शिक्षकों को पेंशन सहयोग मद में 3500 रुपये, मध्य स्कूल के शिक्षकों को 3920 रुपये, माध्यमिक शिक्षकों की पेंशन में 4340 रुपये और उच्च माध्यमिक शिक्षकों की पेंशन में सरकार 4480 रुपये देगी।

जदयू नेता ललन सिंह व अशोक चौधरी के बीच तीखी नोकझोंक

केटी न्यूज/पटना

विपक्षी एकता के अगुवा रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के दो बड़े नेताओं को बीच कहासुनी की खबर वायरल हो रही है। दो दिग्गज नेताओं को बीच की बहस चर्चा ने बिहार की सियायत में गरमाहट ला दी है। यह नेता कोई और बल्कि सीएम नीतीश कुमार के करीबी और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह और भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी हैं। सूत्रों की मानें तो जदयू कार्यालय में पार्टी के नेताओं के बैठक के बाद दोनों वरीय नेताओं के बीच कहासुनी हो गई। हालांकि, इस मामले में जदयू पार्टी की ओर से अब तक कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा गया है।

सूत्रों का कहना है कि जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पास एक विधायक ने मंत्री अशोक चौधरी के खिलाफ शिकायत की थी। इस पर ललन सिंह ने अशोक चौधरी से पूछा कि आप जमुई या बरबीघा किससे पूछकर जाते हैं। इस अशोक चौधरी ने कहा कि आप कौन हैं? इसके बाद दोनों नेताओं के बीच बहस हो गई। बैठक के बाद ललन सिंह ने अशोक चौधरी को कहा कि वह जमुई और बरबीघा की राजनीति में बार-बार दखल ना दें।

सूत्रों की मानें तो ललन सिंह का कहना था कि अशोक चौधरी को जमुई के प्रभारी मंत्री पद से हटाया जा चुका है फिर भी वह बार-बार जमुई क्यों जा रहे हैं? इस बात की शिकायत जदयू के विधायक ने ललन सिंह से की। कहा यह भी जा रहा है कि बरबीघा के विधायक सुदर्शन ने पार्टी नेतृत्व से मंत्री अशोक चौधरी की शिकायत भी की है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह की बात सुनकर मंत्री अशोक चौधरी भड़क गए। उन्होंने कहा कि वह कौन होते हैं कहीं जाने से रोकने वाले। अशोक चौधरी ने कहा कि वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बताकर और पूछ कर जाते हैं। इसके बाद ललन सिंह और अशोक चौधरी के बीच बहस और तीखी बहस होने लगी। इसके बाद पार्टी के अन्य नेताओं के बीच-बचाव के बाद दोनों शांत हुए।

2015 व 2017 में आपने नीतीश जी को वोट दिया, वो ठग कर भाग गएः पीके

केटी न्यूज/पटना



जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने सोमवार को मुजफ्फरपुर जिला मुख्यालय में राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने नीतीश कुमार को घेरते हुए कहा कि 2015 में बिहार की जनता ने नीतीश को वोट किया, 2017 में ठग कर भाग गए, फिर वोट कीजिएगा फिर भागेंगे लिखकर रखिए। हम उनके साथ रहे हैं आप उनको नहीं जानते हैं, हम उनको अच्छे से जानते है। जो आदमी 17 सालों से मुख्यमंत्री रहा, 15 साल तो बीजेपी के साथ रहा।

प्रशांत किशोर ने कहा कि देश की राजनीति की अगर थोड़ी बहुत आपको समझ है तो कानून देश में बनता है। वह लोकसभा और राज्यसभा दोनों में पास होना होता है. राज्यसभा में बीजेपी को बहुमत नहीं है। राज्यसभा में बिल को पास कराने के लिए जुगाड़ लगाना पड़ता है। राज्यसभा में उपसभापति कौन है? कोई नीतीश कुमार से पूछ नहीं रहा है। राज्यसभा का उपसभापति कौन है? हरिवंश नारायण सिंह हैं। हरिवंश कौन हैं, नीतीश कुमार की पार्टी के हैं। आपने अगर एनडीए छोड़ दिया है तो आप उस पद को छोड़ क्यों नहीं रहे हैं? उस पद को छोड़िए या फिर उस एमपी को हटाइए।

गठबंधन बनाकर बनाकर फिर ठगने का उपाए कर रहे हैं

चुनावी रणनीतिकार ने कहा कि राज्यसभा में बिल पास कराने के लिए अपने आदमी को नीतीश कुमार बैठाए हुए हैं और बिहार में गठबंधन बनाकर फिर ठगने का उपाए कर रहे हैं। बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिवंगत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर सोमवार को राजधानी में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसको लेकर राजनीतिक बयानबाजी शुरू हो गई है। इस पर प्रशांत किशोर ने सीएम नीतीश कुमार को आड़े हाथों लिया।

GYAN JYOTI PUBLIC SCHOOL
RUPSAGAR
Affiliated to CBSE NEW Delhi (10+2)
Rupsager, Main Road, Nawangar Buxar (Bihar)
Cantact No - 6200727438, 7004289776, 7654245005 | Email - gips2011@ Yahoo.in, gyanjyotipublicschool.in



विद्यालय में छात्रों के लिए अत्याधुनिक सुविधा

- असम, बंगाल व दार्जिलिंग के कुशल एवं प्रशिक्षित शिक्षक
- स्मार्ट क्लासेज आडियो एवं वीडियो से कक्षाओं का संचालन
- अत्याधुनिक विज्ञान व कंप्यूटर की प्रयोगशालाएं
- सुव्यवस्थित पुस्तकालय
- खेलकूद, योग, नैतिक शिक्षा व शारीरिक शिक्षा का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण
- बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक क्लास सीसीटीवी कैमरे से लैस
- बच्चों के लिए हैप्पीनेस क्लासेज
- कराटे व स्काउट एंडगाइड का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण

संयुक्त अरब अमीरात में सोवां के कामगर की मौत, शव आने इंतजार रहे हैं परिजन

केटी न्यूज/डुमरांव



- कंपनी वालों ने नहीं दी सूचना, विदेश भेजने वाले एजेंट के माध्यम से हुई जानकारी
- 23 जून को गया था अजय, 11 सितंबर से परिजनों से नहीं हो रहा था संपर्क

खाड़ी देश संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी आबूधाबी में अनुमंडल के एक कामगर की मौत हो गई है। उसकी मौत एक पखवाड़े पहले हुई है, जबकि परिजनों को इस घटना की जानकारी रविवार को एजेंट के माध्यम से हुई। कंपनी वालों ने परिजनों को इसकी सूचना तक नहीं दी है। इधर एक पखवाड़े से उससे संपर्क नहीं हो पा रहा था। जिससे परेशान परिजन स्थानीय सांसद से लगायत पीएमओ तथा भारतीय दूतावास तक से गुहार लगाए थे। वही मौत की पुष्टि होने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के सोवां गांव निवासी बलिराम सिंह का 36 वर्षीय पुत्र अजय सिंह है। मिली जानकारी के अनुसार वह अपने परिवार का माली हालत सुधारने 23 जून को आबूधाबी गया था। शुरू में सबकुछ ठीक ठाक था तथा अक्सर अपनी पत्नी तथा बच्चों से बात करता था। लेकिन 11 सितंबर के बाद से उसका संपर्क अपने परिवार से टूट गया था। उससे बात नहीं होने पर घरवाले काफी परेशान थे।

इधर एजेंट भी उनसे बात नहीं कर रहा था। तब परिजनों ने स्थानीय सांसद, पीएमओ तथा भारतीय दूतावास को इसकी जानकारी दे उसकी तलाश करवाने की गुहार लगवाई। इसी बीच रविवार को एजेंट ने बताया कि 18 सितंबर को उसके कंपनी के बगल में ही एक शव मिला था जो अजय का था। यह जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। इस घटना के बाद से ही उसकी पत्नी प्रतिमा देवी बदहवास है तो पिता बलिराम सिंह समेत पूरे परिवार के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहा है। मृतक के भाई संजय सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक कंपनी वाले उसका शव भेजने की कवायद शुरू नहीं किए है।

राश नहीं आ रही है खाड़ी देशों की आबोहवा

जानकारी के अनुसार अनुमंडल के विभिन्न गांवों के हजारों कामगर पिछले कई दशक से खाड़ी देशों में मजदूरी करते है। लेकिन अब वहां की आबोहवा स्थानीय लोगों को राश नहीं आ रही है। पिछले कुछ वर्षों में अनुमंडल के विभिन्न गांवों के आधा दर्जन से अधिक लोगों की मौत खाड़ी क्षेत्र के अलग अलग देशों में हुई है। जिससे कई सवाल खड़े हो रहे है। खाड़ी क्षेत्र से लौटे मजदूरों का कहना है कि यहां से एजेंट जो सब्जबाग दिखाकर उन्हें वहां भेजते हैं, वहां जाने पर ऐसा कुछ नहीं मिलता है। मजदूरों की मानें तो बीमार होने पर ठीक से इलाज भी नहीं करवाया जाता है। जिस कारण कामगर अपनी जान गवां रहे है।

एक नजर

कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को बाल विवाह व बाल श्रम रोकने के प्रति किया गया जागरूक



डुमरांव। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन, नई दिल्ली एवं दिशा एक प्रयास, भोजपुर के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जिले के सभी प्रखंडो में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। संस्था से जुड़े डा संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस जागरूकता अभियान में सदस्यों हर प्रखंडो में जाकर लोगों को बाल विवाह नहीं करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को नगर स्थित साफाखाना रोड स्थित एक निजी कोचिंग परिसर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया था। जिसकी शुरूआत शिक्षक दीपक कुमार द्वारा देशभक्ति का संदेश देकर शुरू किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डा संजय कुमार सिंह ने बताया कि डुमरांव प्रखंड सहित सभी प्रखंडों में हमारे सदस्य घर-घर जाकर, साथ ही साथ सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में लोगों को बाल विवाह, बाल श्रम, मानसिक तनाव, दहेज एवं यौन शोषण आदि के बारे में लोगों को जागरुक कर शपथ पत्र भरवा रहे है। ताकि बक्सर जिला के प्रत्येक लोग जागरुक होकर इस जिला को बाल विवाह मुक्त करने में हमारे संस्थापक को मदद करें। तभी बक्सर जिला इससे निजात पाकर आगे बढ़ सकता है। मौके पर शिक्षक धीरज कुमार शर्मा, सोनू कुमार, संजय कुमार सिंह, दीपक कुमार सहित पिंकी कुमारी, प्रिया वर्मा, रानी कुमारी, रवि कुमार ठाकुर, कौशल कुमार, पिंकी कुमारी, राजकुमारी, संजू कुमारी, आशीष कुमार सहित अन्य लोग मौके पर मौजूद होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं एवं बाल विवाह मुक्त करने का शपथ ग्रहण किए।

भाद्रपद एकादशी को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान, किया दान-पुण्य

बक्सर। पौराणिक मान्यताओं में भाद्रपद एकादशी को पवित्र नदियों में स्नान की परंपरा है। सोमवार को इस मौके पर शहर के रामरेखा घाट समेत अन्य घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। वही मंगलवार को वामनद्वादशी के अवसर पर श्रद्धालु सेंट्रल जेल स्थित त्रिमुहानी पर गंगा व ठोरा के संगम में स्नान कर एकादशी व्रत तोड़ भगवान वामनेश्वर की पूजा करेंगे। पुराणों के अनुसार भाद्रपद एकादशी के दिन गंगा स्नान की परंपरा रही है। मान्यता है कि इस एकादशी को पवित्र नदियों में स्नान करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसको लेकर सुबह से ही नगर के रामरेखा घाट समेत अन्य घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही। मौके पर आस-पास के कई जिलों समेत पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश से बड़ी तादाद में आए श्रद्धालुओं ने बक्सर के उत्तरायणी गंगा तट पर स्नान किया। सोमवार को यहां स्नान के बाद सभी यहां रात्रि विश्राम करेंगे और मंगलवार को तीनमुहानी पर स्नान कर अपना व्रत तोड़ेंगे। रामरेखा घाट के पंडा लाला बाबा ने बताया कि भगवान विष्णु के दस अवतारों में से एक वामन अवतार ब्याघ्रसर की धरती पर ही तीन नदियों के संगम स्थल सेंट्रल जेल के पास भाद्रपद द्वादशी को हुआ था। तब से इस अवसर पर एकादशी के दिन व्रत रखते हुए पवित्र गंगा स्नान के बाद अगले दिन तीनमुहानी पर स्नान और पूजा-पाठ के बाद व्रत तोड़ने की परंपरा चली आ रही है। इसको लेकर तीनमुहानी स्थित वामनाश्रम पर श्रद्धालुओं के रात्रि विश्राम हेतु बेहतर प्रबंध किए गए हैं, तो दूसरी ओर केंद्रीय कारा परिसर में मौजूद वामनेश्वर मंदिर में श्रद्धालु ठहरते भी है।



राज्य स्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जिले के बॉक्सरों ने जीता स्वर्ण पदक

बक्सर। भागलपुर के सैंडिस कंपाउंड खेल भवन में 21 से 23 सितंबर तक आयोजित 15वीं बिहार स्टेट बॉक्सिंग प्रतियोगिता में बक्सर बॉक्सिंग टीम के खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण पदक हासिल कर जिले का नाम रौशन किया है। मिली जानकारी के अनुसार सब जूनियर बालिका वर्ग में आयशा कुमारी ने 52-55 केजी वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं जूनियर बालिका वर्ग में सोनम कुमारी ने 57-60 केजी वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से जिला बॉक्सिंग संघ के सचिव एस सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी मेहनत रंग लाई है। वही टीम के कोच ज्योति प्रकाश और पल्लवी राय ने बताया कि स्वर्ण पदक हासिल करने वाली विजेता खिलाड़ी नेशनल बॉक्सिंग चैंपियन खेलने के लिए जाएगी। टीम मैनेजर राजकुमार ने कहा कि खिलाड़ियों का साहस और जोश के बल बूते यह उपलब्धि हासिल हो पाई है और उन्होंने यह आशा व्यक्त किया की आने वाले समय में बक्सर के खिलाड़ी अपने राज्य का नाम रोशन करेंगे और अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेंगे।



खबरें फटाफट

करेंट की चपेट में आने से किसान की मौत

नावानगर। स्थानीय थाना के दवनपुरा गांव में बिजली तार की चपेट में आने से एक किसान की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक किसान गांव के 50 वर्षीय ददन सिंह यादव बताया जाता है। जानकारी के अनुसार किसान बिजली पोल से तार खिंचकर बिजली मोटर पंप से अपने खेत का पटवन कर रहा था। तभी खींची गई बिजली तार की चपेट में वह आ गया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार पोल से खींची गई बिजली तार कहीं से कटा हुआ था। जिससे किसान उसके संपर्क में आ गया होगा। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बक्सर भेज दिया है।

भारतीय किसान संघ की हुई बैठक

केसठ। कंचनेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में सोमवार को भारतीय किसान संघ की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जय शंकर पांडेय ने किया। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांव से और प्रखंडों से किसान एवं किसान संघ के सदस्य उपस्थित हुए। उपस्थित सदस्यों ने भगवान बलराम के जन्म दिवस पोखरा के रूप में मनाया। मौका पर उपस्थित भारतीय किसान संघ के क्षेत्र संगठन मंत्री प्रकाश नारायण तिवारी ने भगवान बलराम के जीवनी पर विस्तार से चर्चा किए। बैठक के दौरान आगामी कार्य योजना की विस्तार से चर्चा की गई वही 30 अक्टूबर को 13 सूत्री मांगों को लेकर अपने-अपने प्रखंड मुख्यालय पर धरना देकर ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। मौके पर बिहार के महामंत्री पवन कुमार, गोरखनाथ, इंद्रदेव पांडेय, कपिल मुनि पांडेय, अजय मिश्र, दयानंद पांडेय के अलावे स्थानीय लोगों उपस्थित रहे।

अवैध ब्रेकर पर बाइक फिसलने से महिला की हुई मौत

नावानगर। सोनवर्षा-केसठ मार्ग पर धेनुआडीह मोड के पास बने अवैध ब्रेकर पर बाइक अनियंत्रित होने से एक एक महिला की जान चली गई। मृतका की पहचान सिकरौल थाना के बेलांव गांव निवासी बिनोद महतो की पत्नी माया देवी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह अपने पति व तीन वर्षीय पुत्र अंशु के साथ बाइक पर सवार हो कर अपने मायके सोनवर्षा ओपी क्षेत्र के पीपराढ गांव जा रही थी। तभी धेनुआडीह मोड के पास ब्रेकर पर बाइक उलछ गई। जिससे महिला सड़क पर ही गिर पड़ी। महिला के सर में गंभीर चोट लगने से गंभीर रुप से जख्मी हो गई। इधर दुर्घटना के बाद उक्त मोड़ पर बैठे ग्रामीणों ने जख्मी महिला को नावानगर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए अनुमंडलीय अस्पताल डुमरांव रेफर कर दिया। अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचने के पहले ही महिला ने दम तोड दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बता दें कि प्रखंड क्षेत्र के कई सड़को पर अवैध ब्रेकर बनाया गया है। जिस कारण अक्सर दुर्घटनाएं होते रहती है।

अंबाला से पटना जा रही थी शराब की खेप, चेकपोस्ट पर उत्पाद विभाग ने पकड़ा

दवाई की आड़ में हो रही तस्करी 1.25 करोड़ रुपये की शराब जब्त

केटी न्यूज/बक्सर



- लगातार दूसरे दिन बक्सर के वीर कुंवर सिंह चेक पोस्ट पर जब्त हुई शराब से लदी कंटेनर

बक्सर के वीर कुंवर सिंह सेतू पर मुश्तैद उत्पाद विभाग की टीम ने दवाई के आड़ में शराब तस्करी का भंडाफोड़ करते हुए सवा करोड़ रूपए मूल्य की शराब पकड़ी है। पुलिस ने कंटेनर को जब्त करने के साथ ही चालक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार चालक राजस्थान के श्रीगंगानगर का रहने वाला रमेश कुमार है। जिससे पूछताछ की जा रही है। यह लगातार दूसरा दिन था जब वीर कुंवर सिंह सेतू पर शराब से लदी कंटेनर पकड़ी गई है। इसके पहले रविवार को भी दिल्ली से मुजफ्फरपुर जा रही करीब 50 लाख की शराब को उत्पाद विभाग की टीम ने जब्त किया था। उत्पाद अधीक्षक देवेंद्र प्रसाद ने बताया कि कंटेनर में कुल 1048 पेटी शराब मिला है। जिसकी कीमत सवा करोड़ रूपए है। मिली जानकारी के अनुसार सुबह में वीर कुंवर सिंह चेक पोस्ट पर उत्पाद विभाग की टीम नियमित चेकिंग अभियान चला रही थी।

इसी दौरान सुबह दस बजे पंजाब नंबर की एक ट्रक चेक पोस्ट को पार कर रही थी जो सील थी। टीम ने उसे रोककर पूछताछ शुरू की तो चालक पुलिस कर्मियों को झांसे में लेने के लिए दवाई की बिल्टी दिखा दिया और बताया कि इसमें दवाई भरी है। लेकिन उसके हरकतों से उत्पाद विभाग की टीम को पहले ही उस पर शक हो गया था। तब उत्पाद विभाग की टीम द्वारा पूरी ट्रक को स्कैन किया गया। स्कैन करने पर उसके अंदर शराब की बोतले दिखाई दी। तब पुलिस ने चालक को पकड़ उससे कंटेनर खुलवाया तो पूरी ट्रक शराब की पेटियों से भरी हुई थी। गौरतलब है कि रविवार को भी इस चेक पोस्ट पर दिल्ली से मुजफ्फरपुर जा रही 50 लाख की शराब बरामद हुई थी। लगातार दूसरे दिन शराब की बड़ी खेप बरामद होने से तस्करों की कमर टूट गई है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि चालक से पूछताछ के आधार पर तस्करों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह कंटेनर अंबाला से पटना आ रही थी। उन्होंने बताया कि पहले चालक द्वारा दवाई का बिल्टी दिया गया था। लेकिन स्कैनिंग के बाद स्पष्ट हो गया कि कंटेनर में दवाई के बदले शराब लदी है।

तस्करों की नहीं हो रही पहचान : जिले में एक पखवाड़े में शराब लदी तीन कंटेनर जब्त हो चुकी है। लेकिन किसी भी मामले में पुलिस तस्करों की पहचान तक नहीं कर सकी है। बता दें कि 12 सितंबर को ब्रह्मपुर के पुरवा के पास शराब लदी कंटेनर को डुमरांव एसडीपीओ ने पकड़ा था। जिस पर 40 लाख रूपए की शराब बरामद हुई थी। वही रविवार को बक्सर चेक पोस्ट से 50 लाख की जबकि सोमवार को इसी जगह से सवा करोड़ की शराब बरामद हो चुकी है। लेकिन ताज्जूब की इतनी बड़े खेप को पकड़ाने के बाद भी पुलिस का तंत्र तस्करों की पहचान नहीं कर सका है। जिससे कई सवाल खड़े हो रहे है। वही सूत्रों की मानें तो इतने बड़े शराब की खेप को मंगवाने में कही सफेदपोशों का हाथ तो नहीं है। जिस कारण पुलिस भी उनपर हाथ डालने से कतरा रही हो।

तस्करों का लगाया जा रहा पता

"वीर कुंवर सिंह चेक पोस्ट पर दवाई के आड़ में शराब तस्करी का भंडाफोड़ किया गया है। पंजाब नंबर की कंटेनर से विभिन्न ब्रांडो के 1048 पेटी शराब बरामद की गई है। जिसकी कीमत सवा करोड़ रुपये है। अब तक की प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्थान निवासी चालक को गिरफ्तार किया गया है। उससे पूछताछ कर तस्करों का पता लगाया जा रहा है। – *देवेन्द्र प्रसाद, उत्पाद अधीक्षक, बक्सर*

ब्रह्मेश्वरनाथ शिवमंदिर के तालाब उड़ाही के दौरान कछुए व मछली लूट ले गए लोग



ब्रह्मपुर। चर्चित बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ शिव मंदिर परिसर स्थित प्राचीन शिवसागर तालाब की सफाई का काम जोरों पर है। मंदिर व तालाब के जीर्णोद्धार के लिए राज्य सरकार द्वारा करीब 8 करोड़ 87 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इसी बीच मंदिर प्रशासन द्वारा बरसों पुराने तालाब के दूषित जल को निकाल कर नया जल भरने का काम किया जा रहा है। रविवार को तालाब की उड़ाही कर लगभग पूरा पानी निकाला जा चुका था। उड़ाही के दौरान तालाब बड़ी संख्या में मछलियां और कछुए मिले। लेकिन मंदिर प्रशासन और पुलिस प्रशासन की लापरवाही के कारण मंदिर के प्राचीन तालाब से निकले 50 की संख्या में कछुओं को ग्रामीणों ने लूट लिया। सूत्रों की मानें तो इनमें एक कछुए का वजन 50 किलो से ऊपर था। लेकिन दुख की बात यह है कि ये सभी कछुए लोगों के आहार बन गए। गौरतलब है कि मंदिर के तालाब के उतरी किनारे पर ब्रह्मपुर थाना स्थित है। लेकिन पुलिस प्रशासन मूक दर्शन बन तमाशा देखती रही जबकि वन विभाग ने अब तक कोई संज्ञान नहीं लिया है। अगर प्रशासन चाहता तो तालाब से निकली मछलियों व कछुओं को बचाया जा सकता है।

पारिवारिक कलह से तंग आकर महिला ने की खुदकुशी

केटी न्यूज/चौगाई



मुरार थाना क्षेत्र के अमसारी गांव में एक महिला ने घरेलू विवाद में पंखे में फंदा डाल फांसी लगा आत्महत्या कर ली है। बाद में जब खेत पर मजदूरी कर उसकी सास घर लौटी तो उसे फंदे से लटकता देख पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर पहुंची मुरार पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा। मृतका की पहचान गांव के सत्येन्द्र पासवान की 30 वर्षीय पत्नी दुर्गा देवी के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार वह अपने सास से अलग रहती थी। उसके तीन बच्चें भी थे तथा पति दूसरे प्रदेश में निजी कंपनी में नौकरी करता है। हालांकि उसने यह कदम क्यों उठाया इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। माना जा रहा है कि पति से फोन झगड़े बाद उसने ऐसा किया होगा। मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

भाजपा के बागी खेमे की बैठक में जिला की समानांतर कमिटि बनाने पर चर्चा

केटी न्यूज/डुमरांव



सोमवार को डुमरांव में भाजपा नेतृत्व से नाराज चल रहे जिले के प्रमुख कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें विगत 20 सितंबर को राजपुर विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन की सफलता के लिए आयोजन समिति और प्रमुख कार्यकर्ताओं को बधाई और धन्यवाद ज्ञापित किया गया। वही डुमरांव विधानसभा में आगामी बैठक की तैयारी पर चर्चा करते हुए भाजपा जिला बक्सर की एक पार्लल कमेटी बनाने पर चर्चा करते हुए 11 सदस्यीय कोर कमेटी बनाया गया। जिसे समानांतर कमेटी बनाने की विशेष जिम्मेवारी सौंप गई। जिसकी आगामी बैठक में विधिवत घोषणा की जाएगी। बागी खेमे द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि जिले में समानांतर कमेटी बनाने के पीछे एक प्रमुख कारण यह है कि बक्सर लोकसभा से विकास पुरुष नरेंद्र मोदी के नाम पर लगातार दो-दो बार प्रचंड बहुमत से विजय प्राप्त कर सांसद अश्विनी चौबे द्वारा संसदीय क्षेत्र के विकास को पूरी तरह से तिलांजलि तो दे ही दिया गया है। साथ ही जिला के पार्टी संगठन में अनुभवी और वरीय कार्यकताओं का तिरस्कार कर नए और अनुभवहीन लोगों को प्रमुख पदों पर बैठाकर भाजपा की संस्कृति और संस्कार को तिरस्कृत किया जा रहा है। बैठक की अध्यक्षता पारस पांडेय व संचालन मनोज कुमार सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन बजरंगी तिवारी ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से प्रियव्रत सिंह (पूर्व जिला अध्यक्ष), राणा प्रताप सिंह, (पूर्व जिला अध्यक्ष), नरेंद्र पांडेय, बलिराम पांडेय, राजाराम पांडेय, हरेंद्र ठाकुर, जितेंद्र दुबे, दयाशंकर तिवारी, उमाकांत पांडेय, अशोक लाल, नंदलाल पंडित, अशोक सिंह, श्रीभगवान सिंह त्यागी, विमल कुमार सिंह, सुरेश गुप्ता, चंद्रकांत तिवारी, प्रवीण सिंह, धीरज पाठक इत्यादि

कांग्रेस नेताओं ने प्रेसवार्ता आयोजित कर रैली के उद्देश्य और तैयारियों की दी जानकारी

मोदी सरकार के 9 साल में सिर्फ झूठ बोला गया: निर्मल वर्मा

केटी न्यूज/बक्सर



देश के खजाने की लूट की सच्चाई को जनता के समक्ष रखने को लेकर कांग्रेस द्वारा बिहार के सभी जिलों में परिवर्तन संकल्प रैली आयोजित की जा रही है। बक्सर में 27 सितंबर को यह रैली आयोजित होगी। उक्त बातें कांग्रेस के एआईसीसी सदस्य निर्मल वर्मा ने सोमवार को प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 9 साल में सिर्फ झूठ बोला गया है। भाजपा के लोग पर्दे के पीछे भारी लूट किए है। 300 सालो में जितना अंग्रेजों ने नहीं लूटा होगा उससे ज्यादा साढ़े 9 वर्षो में जनता को लूट लिया गया है।

जब राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा शुरू किया तो भाजपा के लोगो में बेचैनी बढ़ गई और बोलने लगे की 100 किलोमीटर भी नहीं चलेगा और इटली चला जायेगा। लेकिन देश की जनता का आशीर्वाद और सच्चाई का साथ मिला और 4000 किलोमीटर की यात्रा राहुल गांधी ने पूर्ण किया। वहीं, राहुल गांधी के समर्थन में प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने मंदार पर्वत से पटना तक 1000 किलोमीटर की पदयात्रा किया। उन्होंने कहा कि जब 20 हजार करोड़ रुपये गौतम अडानी का भाई बैंक से गायब कर दिया और जिसके खिलाफ लोकसभा में बात उठाई गई तो उसकी संसद की सदस्यता समाप्त कर दी गई। उन्होंने कहा कि आईएनडीआईए गठबंधन बनने से भाजपा घबरा गई है। उन्होंने कहा कि हमलोग लोकसभा में इंडिया गठबंधन बिहार की सभी 40 सीटे जीतेगी। औरंगाबाद विधायक आनंद शंकर ने कहा कि बिहार के मोतिहारी, बेगुसराय, सिवान, जहानाबाद, गया में परिवर्तन संकल्प रैली आयोजित हुआ जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इसे देख भाजपा के लोग परेशान हो गए है। सदर विधायक संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष की परिवर्तन संकल्प रैली की तैयारी पूरी कर ली गई है। पिछले 15 दिनों से जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र में जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया गया है। और भाजपा के झूठ का पदार्फाश सुनने के लिए चारों विधानसभा से लोग पहुचेंगे। वही उन्होंने कहा कि बक्सर लोकसभा कांग्रेस की परंपरागत सीट पहले रही है और मौका मिलेगा तो भाजपा को बुरी तरह से पराजित किया जायेगा। इस दौरान राजपुर विधायक विश्वनाथ राम, जिलाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय, डा प्रमोद कुमार ओझा, विनय कुमार सिंह, कामेश्वर पांडेय समेत कई अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।



सांपों का आतंकः 24 दिनों में 10 मौत, झाड़-फूंक के चक्कर में गई जान

केटी न्यूज/आरा



❐ समय पर इलाज नहीं होने के कारण हो रही अधिकतर मौत, जिन्होंने कराया इलाज उनकी बची जान

जिले में इन दिनों बिषैले सांपों का खौफ काफी बढ़ गया है। सर्पदंश से मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पिछले महज 24 दिनों में दस लोगों की जान जा चुकी है। अगस्त माह में छह, जबकि जून और जुलाई में आठ लोगों की सर्पदंश से मौत हो चुकी है। हालांकि अधिकतर मौत झाड़-फूंक के चक्कर में समय पर इलाज नहीं होने के कारण हुई है। उसके बावजूद मौत का आंकड़ा डरावना है। बता दें जिले में आये दिन सर्पदंश की खूब घटनाएं हो रही है। खासकर गर्मी और बरसात के मौसम में बिषधर खूब फूंफकार रहे हैं। खेत-बधार से लेकर घर और आंगन तक लोग सर्पदंश के शिकार हो रहे हैं।पलंग पर मच्छरदानी में सो रहे लोगों को भी सांप डंसने लगे हैं।

अस्पताल में हर रोज सर्पदंश के एक से दो शिकार लोग पहुंच रहे हैं। समय पर अस्पताल पहुंच इलाज कराने वाले लोग ठीक होकर लौट भी रहे हैं। लेकिन कुछ लोग झाड़-फूंक के चक्कर में अपनी जान गंवा दे रहे हैं। आश्चर्य की बात तो लगातार हो रही मौत के बाद भी लोग झाड़-फूंक कराने से बाज नहीं आ रहे हैं। सांप के डंसने के बाद इलाज कराने अस्पताल जाने के बदले झाड़-फूंक कराने बक्सर और यूपी तक पहुंच जा रहे हैं। इस संबंध में डाक्टरों का कहना है कि झाड़-फूंक कराने के चक्कर में कुछ लोग समय पर इलाज नहीं करा पाते हैं। उसके कारण सर्पदंश के शिकार लोगों के शरीर में विष फैल जाता है, जिससे मौत हो जा रही है। ऐसे में सर्पदंश के बाद समय पर इलाज जरूरी है।

हाल की सर्पदंश की घटनाएं

तीन सितंबर: पवना थाने के पवार गांव में सांप के डंसने से सात साल के बच्चे की मौत। बिषैले सांप ने घर में चौकी पर खेल रहे बच्चे को डंस लिया था।

सात सितंबर: अगिआंव बाजार के चौबे की छावनी गांव में कमरे में सो रही 22वर्षीय महिला की सर्पदंश से मौत हो गयी थी। झाड़-फूंक के चक्कर में उसका समय पर इलाज नहीं हो सका।

दस सितंबर: गड़हनी थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव में आंगन में सो रहे युवक की सांप के डंसने से मौत हो गयी थी। परिजन झाड़-फूंक कराने के चक्कर में पड़े थे।

14 सितंबर: उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कुसुमा गांव में खाना बनाने के दौरान इंटर की छात्रा की सांप के डंसने से मौत हो गयी थी।

16 सितंबर: नारायणपुर के चासी गांव में छत पर सो रही महिला की सांप के डंसने से मौत। झाड़-फूंक और इलाज के बाद भी नहीं बची जान।

17 सितंबर: सहार के बजरेया गांव में बाथरूम गयी 25 वर्षीय महिला की सर्पदंश से मौत।

19 सितंबर: जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बासुदेव सिंह के टोला गांव में घर में पलंग पर सो रही छठवीं की छात्रा की सर्पदंश से मौत। झाड़-फूंक कराने में गयी जान।

23 सितंबर: संदेश गांव में घर में सो रही महिला को सांप ने डंस लिया था। इलाज से पहले झाड़-फूंक कराने के चक्कर में उसकी मौत हो गयी थी।

23 सितंबर: अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के महुअरी गांव में घर में खेल रहे बच्चे की मौत।

24 सितंबर: आयर थाने के आटापुर गांव में सब्जी तोड़ने गयी महिला की सर्पदंश से मौत।

एक नजर

स्वास्थ्य मेला: आयुष्मान योजना के तहत पांडेयपट्टी स्थित एचडब्ल्यूसी पर लोगों की हुई जांच



बक्सर। जिले में आयुष्मान योजना के तहत आयुष्मान मेला का आयोजन सदर प्रखंड के पांडेयपट्टी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर सोमवार को किया गया। जिसके तहत लोगों की विभिन्न प्रकार की जांच के साथ ही आयुष्मान कार्ड के फायदे के बारे में लोगों को बताया गया। ज्ञात हो कि जिले के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर 2 अक्टूबर तक आयुष्मान मेला का आयोजन किया जा रहा है. इसके तहत पांडेयपट्टी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर आयुष्मान मेला आयोजित हुआ। जहां गैर संचारी रोग शुगर, बीपी, कैंसर समेत अन्य बीमारियों का स्क्रीनिंग की गई। वहीं स्थानीय लोगों का आभा आईडी बनाने, आयुष्मान कार्ड के निर्माण एवं वितरण के साथ ही अन्य सुविधायें मरीजों को उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड के लाभों के बारे में जानकारी दी गई। जिसका जरूरत पडने पर किस प्रकार वे पांच लाख रुपए तक का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। जांच स्वेता सिंह के निर्देशन में किया गया। इस संबंध में सदर पीएचसी प्रबंधक प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि आयुष्मान योजना के तहत कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत आयुष्मान योजना का प्रचार प्रसार के साथ ही स्वास्थ्य जांच किया जा रहा है। वहीं टीबी के साथ फैमिलि प्लानिंग की जानकारी दी गई।

खेत में सब्जी तोड़ने गयी महिला की विषैले सांप के डंसने से मौत

आरा। जिले के आयर थाना क्षेत्र के आटापुर गांव में खेत में सब्जी तोड़ने गयी एक महिला की सर्पदंश से मौत हो गयी। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृत महिला आटापुर गांव निवासी लाल बाबू सिंह की 45 वर्षीया पत्नी लालती देवी थी। लाल बाबू सिंह ने बताया कि उन्होंने खेत में सब्जी लगायी है। रविवार की शाम वह बाजार गये थे। तब उनकी पत्नी सब्जी तोड़ने खेत में गयी थी। उसी दौरान विषैले सांप ने उन्हें डंस लिया। सूचना मिलने पर वह फौरन घर पहुंचे, तो देखा कि उनकी पत्नी जमीन पर बेहोश पड़ी है और मुंह से झांक निकल रहा है। उसके बाद उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इधर, मौत के बाद परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव लेकर गांव चले गए। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक आकर के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

सीयूएसबी परिसर में मनाई गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

एकात्म मानववाद के दर्शन पर चलकर देश बन सकता है विश्व गुरुः राज्यपाल

केटी न्यूज/गया



आज देश वास्तविक तौर पर प्रगति के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और अगर हम इसी रफ्तार से आगे बढ़े तो निश्चित तौर पर हमारा देश भारत की आजादी के 100 वें वर्षगांठ 2047 तक दुनिया में अपने को विश्वगुरु के रूप स्थापित कर सकता है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महान विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा दिए गए एकात्म मानववाद का दर्शन एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में हमारे सामने मौजूद है। जरूरत इस बात की है कि हम पंडित जी के द्वारा दिए गए संदेश और दर्शन का गहन अध्ययन करें और उसे अपनी जिंदगी में उतारने का प्रयास करें। उक्त बातें बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के उपलक्ष्य में गया में दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कहीं।

सीयूएसबी के दीनदयाल उपाध्याय पीठ के तत्वाधान में दीनदयाल उपाध्याय की दृष्टि में 2047 में भारत के स्वरूप विषय पर आयोजित व्याख्यान में राज्यपाल ने कहा कि आज हमें दीनदयाल उपाध्याय जी की जीवन-चरित को पढ़ने की आवश्यकता है ताकि हम उनके दर्शन को बेहतर तरीके से समझकर उसे आत्मसात कर सकें और उनके विकसित भारत के सपने को साकार कर सकें।

उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल के ह्यएकात्म-मानववादह्न सिद्धांत को भी याद किया और कहा कि दीनदयाल अक्सर कहते थे कि ह्लजिस तरह एकात्मता हमारे बीच जरूरी है, ठीक उसी तरह राष्ट्र के लिए भी एकात्मकता जरूरी है। साथ ही, एकात्मकता हमारे बीच सतत रूप से वास करना चाहिए। इस मौके पर चित्ति शब्द को व्याख्यायित किया और कहा कि जैसे शरीर में आत्मा होती है, वैसे ही राष्ट्र की भी अपनी आत्मा होती है। जिसे दीनदयाल जी अपने शब्दों में चित्ति कहते थे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के द्वारा लाई नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 एवं हाल ही में जी-20 का आयोजन राष्ट्र की चित्ति को जगाने तथा दीनदयाल के सपने का भारत बनाने की दिशा में किया गया एक अनूठा प्रयास है। विश्वविद्यालय के युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग प्रण लें कि आप नौकरी लेने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले युवा बनेंगे। इससे पहले कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत दीप प्रज्वलित करके एवं पंडित दीनदयाल की तस्वीर पर माल्यार्पण करके किया गया। साथ ही अपने विचार साझा किए। उन्होंने अपने भाषण का समापन आयरिश दार्शनिक के कथन "यू टेल मी दी सांग्स ऑफ योर युथ, आई विल टेल यू दी फ्यूचर ऑफ योर नेशन" के साथ किया।

टीबी मरीजों को दिया गया पोषण किट

जहानाबाद। जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत निक्षय मित्र के रूप में दवा विक्रेता संघ के द्वारा 52 यक्ष्मा मरीजों के बीच पोषण आहार का वितरण किया गया। मौके पर प्रभारी सिविल सर्जन एवं डॉ. डीडी चौधरी, अधीक्षक, डॉ. अजय कुमार, कार्यकारी, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ. विनोद कुमार सिंह, अपर उपाधीक्षक-सह-सहायक अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, संचारी रोग, जहानाबाद, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला स्वास्थ्य समिति, जहानाबाद तथा जिला यक्ष्मा केन्द्र, जहानाबाद के चिकित्सा पदाधिकारी एवं एनटीईपी के कर्मी एवं अन्य कर्मी भी उपस्थित हुए। उक्त अवसर पर बताया गया कि जहानाबाद जिले में 2023 में अब तक इलाजरत मरीजों की संख्या कुल 585 है। जिसमें से 241 मरीजों के बीच पोषण आहार का वितरण किया गया है। शेष मरीजों को पोषण आहार का वितरण हेतु आम जनों को निक्षय मित्र बनकर समाजिक सहभागिता प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया है। जिलाधिकारी ने दवा विक्रेता संघ से अपील किया गया कि टीबी की मुफ्त दवा एवं सलाह हेतु सदर अस्पताल, जहानाबाद में भेजने की कृपा करें, ताकि टीबी उन्मूलन किया जा सके।



पथ निर्माण विभाग के प्रयोगशाला की खिड़की तोड़ कीमती सामान की चोरी

केटी न्यूज/आरा



♦ सहायक शोध पदाधिकारी के बयान पर नवादा थाना में दर्ज करायी गयी प्राथमिकी, दो गिरफ्तार

भोजपुर पथ निर्माण विभाग के आरा स्थित गुण नियंत्रण प्रयोगशाला में शनिवार की रात चोरी की घटना हुई है। चोर खिड़की तोड़ प्रयोगशाला से काफी कीमती उपकरण और सामान ले उड़े। वारदात को अंजाम देने के बाद चोर ऑटो से सामान ले भागे। हालांकि कार्यालय के परिचारी अरुण कुमार चौरसिया की मदद से मौके से दो चोरों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। उनमें नवादा थाना क्षेत्र के रस्सी बगान निवासी सिंटू कुमार और रोहित राजा उर्फ विक्की है। सिंटू के पास से चोरी का एक उपकरण भी बरामद किया गया है। वहीं सामान लेकर भागे तीसरे चोर की भी पहचान कर ली गयी है। वह नवादा थाना क्षेत्र के श्रीटोला मोहल्ले का रहने वाला शुभम है।

इस संबंध में सहायक शोध पदाधिकारी ओमप्रकाश लाल के बयान पर नवादा थाने में तीन लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। कहा गया है कि रविवार को वह बक्सर थे। दोपहर करीब दो बजे परिचारी की ओर से सूचना दी गयी कि गुण नियंत्रण प्रयोगशाला की खिड़की तोड़ चोरी की गयी है। दो चोरों को तो मौके से पकड़ लिया गया है, जबकि तीसरा चोर ऑटो से सामान लेकर भाग निकला। पकड़े गए सिंटू के पास प्रयोगशाला का एक उपकरण भी बरामद किया गया है। सूचना मिलने पर वह आनन-फानन में ऑफिस पहुंचे। इधर, प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस तीसरे चोर की धरपकड़ में भी जुटी है।

ननिहाल जाने के लिए घर से निकले युवक की रास्ते में संदिग्ध स्थिति में मौत

केटी न्यूज/आरा





जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के पचैना बाजार के पास एक युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गयी है। उसका शव उसके ननिहाल पचैना बाजार स्थित दुर्गा मंदिर के समीप एक व्यक्ति के भूसा रखने वाले कमरे के पास से बरामद किया गया?। उसके नाक से हल्का झाग निकल रहा था। ऐसे में जहरीला पदार्थ खाने या खिलाने से मौत की आशंका जताई जा रही है। मृत युवक गड़हनी थाना क्षेत्र के सुअरी गांव निवासी अजय यादव का 21 वर्षीय पुत्र विकास कुमार था। वह रविवार की सुबह अपने ननिहाल कोईलवर थाने के ही राजपुताना पचैना गांव जाने की बात कह घर से निकला था। इधर, युवक का शव के मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। सूचना मिलने पर सोमवार सुबह पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। उसके चाचा पिंटू यादव ने बताया कि वह अपने पिता के साथ ही गांव पर रहकर खेती करता था। रविवार की सुबह दस बजे वह अपने मामा गांव कोईलवर थाना क्षेत्र के राजपुताना पचैना जाने की बात कह निकला था। शाम तक वह मामा के घर नहीं पहुंचा, तो उसे कॉल की गयी। तब उसका मोबाइल बंद आ रहा था। उसके बाद खोजबीन शुरू की गयी। इसी बीच सोमवार की सुबह सूचना मिली कि पचैना बाजार स्थित दुर्गा मंदिर के समीप भूसा रखने वाले कमरे के पास उसका शव पड़ा हुआ है। तब वे लोग घटनास्थल पर पहुंचे। पिंटू यादव की ओर से किसी से दुश्मनी या विवाद से इनकार किया गया है। इधर, पुलिस के अनुसार युवक की मौत का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जा रहा है कि विकास कुमार अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। उसके परिवार में मां इंदु देवी और बड़ी बहन पूजा देवी है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। इकलौते बेटे की मौत से मां इंदु देवी बेहाल थी। परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।





जहानाबाद जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

बिजली चोरी पर कार्रवाई करते हुए लगाएं अंकुशः डीएम

केटी न्यूज/जहानाबाद



जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में विद्युत विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निदेश दिया गया। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा नगर परिषद क्षेत्र में बिलिंग इफीसीएंसी बढ़ाने के लिए जांच अभियान तीव्र करने का निदेश दिया गया। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में पेइंग उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया। जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, विद्युत को निदेश दिया कि जिले में बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए छापेमारी कर नियमानुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। साथ ही जिन विद्युत बकाया मामलों में वसूली हेतु नियमानुसार नीलाम पात्रवाद दायर करने का निर्देश दिया गया।

इसके साथ ही जिले में किसी कारणवश बिजली के कनेक्शन बाधित/क्षतिग्रस्त होने पर बिजली की समस्या के त्वरित निवारण हेतु कार्रवाई करते हुए निर्बाध बिजली आपूर्ति करने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, विद्युत द्वारा बताया गया कि विद्युत कार्यालय द्वारा पूरी कोशिश रहती है कि जहाँ कही भी बिजली की समस्या उत्पन्न हो वहां त्वरित रूप से निपटारा किया जाए। इस क्रम में बिजली विभाग में नियंत्रण कक्ष के दूरभाष को सदैव क्रियाशील रखते हुए लोगों की शिकायतों के निवारण हेतु त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि यदि विभाग द्वारा किसी कारणवश बिजली की कटौती की जानी है तो उसकी सूचना प्रभावित क्षेत्र की जनता के बीच पूर्व में ही प्रसारित करना सुनिश्चित करें। उपभोक्ताओं को त्रुटिरहित विद्युत विपत्र प्राप्त हो जिसके लिए निरंतर विद्युत विपत्र विसंगति संबंधित अनुश्रवण करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल को दिया गया। निदेश दिया गया कि जिन सरकारी कार्यालयों में विद्युत विपत्र बकाया है वहां समन्वय स्थापित पर कर वसूली की प्रक्रिया सुनिश्चित करें।



जनपद के सीयर का प्राथमिक विद्यालय मुजैना हुआ निपुण

तिलक कुमार/बलिया

कौन कहता है आसमां में सुराग नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारों...! इस कहावत को चरितार्थ कर दिखाया है क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मुजौना के शिक्षकों ने। यह सीयर ब्लॉक का पहला स्कूल है, जो निपुण होने जा रहा है। बच्चों के भाषा व गणित में निपुण होने के बाद प्रमाण पत्र के लिए आवेदन कर दिया गया है।

मुजौना का यह प्राथमिक विद्यालय मात्र दो कमरों में चलता है और यहां प्रभारी प्रधानाध्यापिका नेहा यादव के अलावा एक सहायक अध्यापक राजेश जायसवाल की तैनाती हैं। दोनों मिलकर कक्षा एक से पांच तक के बच्चों को पढ़ाते हैं।



गांव के पूर्व प्रधान व वर्तमान में ब्लॉक प्रमुख आलोक कुमार सिंह ने स्कूल का कायाकल्प किया है। यहां स्मार्ट क्लास से लेकर अन्य आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। स्कूल में कक्षा एक से तीन तक के सभी बच्चे निपुण हो गए हैं। इसकी पुष्टि पिछले दिनों विद्यालय के निरीक्षण के दौरान डाइट मेंटर अविनाश सिंह, जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) ओपी सिंह के अलावा अकादमिक रिसोर्स पर्सनों द्वारा की जा चुकी है।

यह है निपुण भारत लक्ष्य

भाषा

कक्षा : 1-अर्थ के साथ पढ़ लेते है। ऐसे छोटे वाक्य जो आयु के अनुसार किसी अज्ञात पाठ का भाग हो, जिसमे 4-5 सरल शब्द हों, पढ़ लेते हैं।
कक्षा : 2-अर्थ के साथ पढ़ लेते हैं। 45-60 शब्द प्रति मिनट की प्रवाह से पढ़ लेते हैं।
कक्षा : 3-अर्थ के साथ पढ़ लेते हैं। न्यूनतम 60 शब्द प्रति मिनट की प्रवाह से पढ़ लेते है।

गणित

कक्षा : 1 - 99 तक की संख्याएं पढ़ एवं लिख लेते हैं। सरल जोड़ और घटाव कर लेते हैं।
कक्षा : 2 - 999 तक की संख्यायें पढ़ और लिख लेते हैं। 99 तक की संख्याओं का घटाव कर लेते हैं।
कक्षा : 3 - 9999 तक की संख्यायें पढ़ और लिख लेते हैं । सरल गुणा समस्याओं को हल कर लेते हैं।

शिक्षकों के विद्यालय व बच्चों के प्रति समर्पण की भावना की वजह से कक्षा तीन तक के सभी छात्र निपुण हो चुके हैं। प्रमाण पत्र के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी को लिखा गया है। उनकी ओर से एसेसमेंट कराया जा रहा है। इस विद्यालय के शिक्षकों से प्रेरणा लेकर क्षेत्र के अन्य स्कूलों को निपुण के लिए स्वघोषणा करनी चाहिए।

राकेश सिंह
खंड शिक्षा अधिकारी, सीयर

विद्यालय के शिक्षक बच्चों को स्वयं करके सीखने का मौका देते हैं। उनसे रचनात्मक कार्य जैसे मिट्टी से कलाकृति बनाना, पोस्टर कार्य, प्रोजेक्ट वर्क, पेंटिंग, रंगोली आदि गतिविधियों के माध्यम से कराते हैं। इन्हें अभिभावकों के समक्ष प्रदर्शित भी किया जाता है। दोनों शिक्षकों के प्रयास से विद्यालय लगभग निपुण हो चुका है।

देवेन्द्र कुमार वर्मा
एआरपी, सीयर

जनपद सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने दिये निर्देश

सड़क हादसों को कम करने के लिए उठाएं जरूरी कदम : जिलाधिकारी

- परिवहन, बिजली, पुलिस, व्यापार कर विभाग को प्रवर्तन कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

केटी न्यूज/बलिया



जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए हर सुधारात्मक कदम उठाने पर विशेष बल दिया गया। इस दिशा में लापरवाही बरतने पर जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिया कि कम से कम साईन बोर्ड, रम्बल स्ट्रीप, संकेत चिन्ह आदि जैसे छोटे कार्यों को हर हाल में करा दें। विद्यालयों में चलने वाले वाहनों के फिटनेस पर भी विशेष ध्यान देने की हिदायत दी।

जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लोनिवि को जो निर्देश दिए गए थे, उसका अनुपालन अभी नहीं दिख रहा है। इस पर नाराजगी जताते हुए लोनिवि के अभियंता को कड़ी फटकार लगाई। कहा कि कम से कम छोटे कार्य जैसे साईन बोर्ड, रम्बल स्ट्रीप, संकेत चिन्ह आदि को तत्काल कराकर अवगत कराएं। अन्यथा की स्थिति में जिम्मेदार अधिकारी के विरूद्ध शासन में पत्र भेजने की हिदायत दी।

उन्होंने एआरटीओ अरूण राय को निर्देशित देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित कराया जाए कि विद्यालयों में फिट वाहन ही चलें। इसलिए समय-समय पर उन वाहनों का फिटनेस टेस्ट किया जाए। किसी भी हाल में अनफिट वाहन से बच्चे स्कूल नहीं जाएं। इसको लेकर सरकार भी चिंतित है। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवहन यान समिति की बैठक भी कम से कम हर तिमाही कर लिया जाए। प्रवर्तन कार्य पर असंतोष जताते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि प्रवर्तन कार्य से जुड़े सभी विभाग जैसे परिवहन, पुलिस, विद्युत, व्यापार कर आदि इस कार्य में तेजी लाएं।

सीएम डैशबोर्ड पर प्रवर्तन कार्य में जनपद की स्थिति संतोषजनक नहीं है। इसमें जल्द सुधार नहीं हुआ तो सम्बन्धित की जवाबदेही तय करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

अपील, यातायात नियमों का करें पालन

जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यह जरूरी कि लोगों को सीट बेल्ट व हेलमेट लगाने के लिए जागरूक किया जाए। जनपदवासियों से भी अपील किया है कि यातायात नियमों का पालन कर खुद को सुरक्षित रखें। सीट बेल्ट व हेलमेट लगाने से खुद की सुरक्षा के साथ चालान आदि की कार्रवाई से भी बचा जा सकेगा। बैठक में एआरटीओ अरूण राय, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अभिजात सिंह सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

जिलाधिकारी द्वारा की गई निपुण भारत मिशन की समीक्षा

बलिया। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में निपुण भारत मिशन की बैठक की समीक्षा की गई। इसमें जिलाधिकारी ने मुख्य रूप से प्राथमिक विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों की स्थिति बेहतर करने पर जोर दिया। इसमें मुख्य रूप से 11 बिंदुओं पर चर्चा की गई। ऑपरेशन कायाकल्प में 19 बिंदुओं पर समीक्षा की गई। इनमें से ग्रामीण ब्लॉक- वाइज इंफ्रास्ट्रक्चर में नगर क्षेत्र, बलिया और सैचुरेशन में गहडवार, रसड़ा और नवानगर कम पाए गए। जिला टास्क फोर्स रिपोर्ट की समीक्षा के दौरान खंड शिक्षा अधिकारियों के कम निरीक्षण पर जिलाधिकारी ने कड़ी चेतावनी जारी करते हुए उनके वेतन रोकने और स्पष्टीकरण लेने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों ने अपना निरीक्षण कार्य पूरा नहीं किया है उनका भी वेतन रोका जाए और उनसे स्पष्टीकरण लिया जाए। डीबीटी पेंडेंसी एनालिटिक्स में ब्लॉक बैरिया और दुबहड़ में बच्चों के आधार वेरीफिकेशन की ज्यादा मामले लंबित पाए गए।

ज्योति के नाम पर डीएम को धमकी देने वाला रिंकू यादव गिरफ़्तार

मऊ। घोसी विधानसभा उप चुनाव के दौरान सोशल मीडिया के ट्विटर अकाउंट के माध्यम ज्योति यादव के नाम से फजी आईडी बनाकर जिलाधिकारी मऊ को धमकी देने वाले युवक को पुलिस ने भाजपा व सपा कार्यालय के पास से गिरफ़्तार कर लिया है।बताते चले कि घोसी विधानसभा क्षेत्र के उप निर्वाचन के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफार्म के ट्विटर पेज पर ज्योति यादव के नाम के ट्वीटर आइडी से जिलाधिकारी मऊ अरुण कुमार को धमकी दिया गया था। प्रकरण से सम्बन्ध में थाना कोतवाली में मुअसं 329/23 धारा 506, 507, 171एफ, 171जी भादवि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया तथा प्रकरण की जांच एवं कार्यवाही हेतु थाना कोतवाली पुलिस व साइबर सेल टीम मऊ को निर्देशित किया गया। विवेचना तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर ज्ञात हुआ कि उक्त आइडी रिंकू यादव पुत्र कैलाश यादव निवासी दीनदयाल उपाध्याय नगर थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली मूल निवासी ग्राम बसरतिया थाना अलीनगर जनपद चन्दौली द्वारा चलाया जा रहा है। अभियुक्तको गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।



ठगी के आरोपी वाराणसी से गिरफ्तार



बांसडीह। लोगों से बीयर बार का लाइसेंस दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाले शातिर आरोपी को बांसडीह थाने की पुलिस ने सोमवार की शाम पांच बजे मीडिया के सामने पेश किया। पुलिस के मुताबिक बांसडीह थाने की पुलिस ने पहाड़ी गेट डीएलडब्लू वाराणसी से आरोपी को गिरफ्तार किया है। कब्जे से 5990 रुपये नकद व 01 अदद सैमसंग मोबाइल भी बरामद हुआ है। आरोपी राजन सिंह उर्फ गोलू सिंह पुत्र धर्मेन्द्र सिंह निवासी ताखा थाना गड़वार जनपद बलिया के मूल निवासी है। जबकि वर्तमान में पहाड़ी गेट डीएलडब्लू थाना मण्डुवाडीह जनपद वाराणसी में रह रहा है, जहां से उसे गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ बांसडीह थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज होने के बाद पुलिस शिद्दत से आरोपी को ढूंढने में जुट गई थी।

पंडित जी ने गरीबों के उत्थान के लिए अंत्योदय की परिकल्पना को साकार किया

केटी न्यूज/मऊ



नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में युवा मंडलों के पदाधिकारी एवं सदस्यों के सहयोग से एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय दर्शन के प्रणेता एवं महान विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती समारोह कोपागंज स्थित पंडित दीनदयाल समाज कल्याण इंटर कॉलेज के सभागार में मनाया गया ।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आए हुए हिंदू युवा वाहिनी के जिला संयोजक अजय सिंह के द्वारा उपाध्याय जी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात पंडित दीनदयाल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शत्रुसुदन सिंह ने अपना विचार व्यक्त करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से चर्चा किया। उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल ने देश की गरीबी को समझा और उन्होंने समाज के आखिरी पायदान पर जीवन तपन करने वाले गरीबों के उत्थान के लिए मौलिक दर्शन अंत्योदय की परिकल्पना को साकार किया। राजनीति के क्षेत्र में जनसंघ में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही।

हिंदू युवा वाहिनी के वरिष्ठ कार्यकर्ता मिथिलेश चौरसिया ने भी समाज को उन्नति के पथ को प्रशस्त करने के लिए पंडित जी के योगदान के बारे में उल्लेख किया। कार्यक्रम में समाजसेवी सगेडू राम ने सहयोग किया। नेहरू युवा केंद्र के कोपागंज प्रभारी हरिप्रसाद मुरारी ने कार्यक्रम का संचालन किया और युवा मंडल पदाधिकारी एवं संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में सम्मानित पर्यावरणविद् रितेश चौरसिया अजय वर्मा विजय वर्मा संजय वर्मा प्रिंस वर्मा आदि सम्मानित कार्यकताओं की उपस्थिति सराहनीय रही।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

त्योहारों से पूर्व ही सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के दिए निर्देश

केटी न्यूज/मऊ



जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में जनपद के समस्त श्रेणी की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने हेतु निर्धारित लक्ष्यों एवं उनकी प्रगति के संबंध में कैंप कार्यालय स्थित सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सड़क निर्माण से जुड़े समस्त विभागों से जनपद में उनकी सड़कों की संख्या तथा गड्ढा मुक्त हेतु सड़कों की लंबाई के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित सड़कों के संबंध में संबंधित विभाग के जे ई द्वारा सही जानकारी उपलब्ध न कराने पर जिलाधिकारी ने संबंधित जेई का वेतन रोकने तथा अधिशासी अभियंता सिंचाई को बैठक में अनुपस्थित होने पर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

जिला अधिकारी ने आरईएस द्वारा एफडीआर तकनीक से निर्मित होने वाली सड़कों के निर्माण में अतिविलंब होने पर अधिशासी अभियंता आरईएस को कार्यों को यथाशीघ्र प्रारंभ कर निर्माण प्रक्रिया पूर्ण करने को कहा। गन्ना विभाग की कुल तीन सड़कों की मरम्मत हेतु डिमांड भेजने के निर्देश भी जिला गन्ना अधिकारी को जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। नगर पालिका परिषद मऊ की सड़कों की समीक्षा के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद ने बताया कि नगर पालिका के अंतर्गत कुल 30 किलोमीटर की 27 सड़के हैं, जिनमें लगभग 4 किलोमीटर लंबाई की सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाना है।

ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ व्यक्ति की मौत

मऊ। कोपागज थाना क्षेत्र के महुआर बसगितिया गांव के पास रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष कोपागंज अमित मिश्रा ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। इन्दारा-कीडीहरापुर रेलवे ट्रैक के मध्य किमी संख्या 57/26-28 के बीच गाडी संख्या 15017 से रविवार की देर शाम कोपागज थाना क्षेत्र के महुआर बसगितिया गांव के समीप रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का ट्रेन से कटकर मौत हो गई।मामला कोपागज थाना क्षेत्र के चलते मौके पर पहुंचे कोपागंज थानाध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा घटनास्थल पर मौजूद आसपास के लोगों से शव की पहचान करने का प्रयास किया। लेकिन उम्र 53 वर्ष की पहचान नहीं हो पाई। पुलिस द्वारा शव की तलाशी लेने पर कोई भी सामान नहीं मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्चरीहाउस में भेजवा दिया है।



खबरें फटाफट

राशन लेने गए किसान की साइकिल चोरी

गाजीपुर। भुड़कुड़ा कोतवाली के जखनियां ब्लॉक अंतर्गत डाई राशन गोदाम के बाहर मकदुमपुर निवासी सुभाष यादव का साइकिल खड़ाकर डाई राशन लेते वक्त साइकिल हुई चोरी।काफी खोजबीन के बाद भी साइकिल नहीं मिली तो थाने पर दी सूचना।

फूड विभाग का छापा बंद हुईं दुकानें

गाजीपुर। जखनियां व दुल्लहपुर बाजार की दुकानों पर सोमवार को फूड विभाग की टीम के पहुंचने की सूचना पर किराना मिष्ठान सहित अन्य दुकान बंद हो गई। जखनियां बाजार से आधे दर्जन दुकानदारों के सैंपलिंग लिए गए। साथ ही दुल्लहपुर में भी कई दुकानें बंद हो गई। फूड विभाग की टीम अमारी में मिली। जब उनसे बातचीत किया गया तो उन्होंने कहा कि शाम को फोन से सूचना देंगे। फिलहाल यहां पर कोई सैंपलिंग लेने के मामले नहीं है। उन्होंने पूरी जानकारी देने से इंकार किया। सपा के विधानसभा अध्यक्ष अवधेश उर्फ राजू यादव ने कहा कि फूड विभाग को ऐसा नहीं करना चाहिए। चेकिंग से पहले सूचना देनी चाहिए। कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष देव नारायण सिंह ने कहा कि महंगाई से दुकानदार त्रस्त हैं। विभाग को दुकानदार और व्यापारी संगठन को अवगत कराना चाहिए।

पट्टा की भूमि को लेकर जेठानी भसूर ने महिला को पीटा

गाजीपुर। भुड़कुड़ा थाने के हुसनपुर गांव में अनिता देवी (30) पत्नी जितेंद्र राम अपने पट्टे की भूमि पर दीवार जोड़ने के बाद जेठानी और भसुर ने कहासुनी के बाद लाठी से अनिता की पिटाई कर दी। साथ ही जेठानी ने बाएं हाथ की अंगुली भी दांत से काट दी। वह लहूलुहान स्थित में थाने पहुंच नामजद तहरीर दी। पुलिस ने महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। कोतवाल तारावती ने बताया की तहरीर मिली है और कार्रवाई की जा रही है।

खाद्य स्टालों से लिए गए सैंपल

पीडीडीयू नगर (चंदौली)। स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम तहत मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ललित सांगा ने डीडीयू स्टेशन के फूड प्लाजा, कमसम और स्टेशन परिसर में सभी खाद्य स्टालों में कैटरिंग की व्यवस्था देखी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्यामल मंडल के द्वारा विभिन्न स्टालों से खाद्य पदार्थों का सैंपल लिया गया। जिससे स्टाल संचालकों में हड़कंप मचा रहा। सभी स्टालों की बिक्री हेतु खाद्य सामग्री को यात्रियों को साफ सुथरा मुहैया कराने के निर्देश दिए।मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के द्वारा सभी स्वास्थ्य निरीक्षको रेगुलर खान पान जांच पड़ताल के लिए निर्देशित किया , ताकि किसी प्रकार की खाने पीने की वस्तुओं को सही से यात्रियों तक खाद्य सामग्री साफ सुथरा मुहैया करवाई जा सके। ट्रेन संख्या 12142 में पैंट्री कार निरीक्षण किया गया। पेंट्रीकार निरीक्षण में मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक महेश कुमार, शांतनु आनंद मौजूद रहे।

सोशल मीडिया पर धार्मिक टिप्पणी करने के आरोपी गिरफ्तार

सिकंदरपुर। थाने की पुलिस ने सोशल मीडिया पर धार्मिक टिप्पणी कर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोपी को सिकंदरपुर बस स्टैंड चौराहा से सोमवार की दोपहर दो बजे गिरपफ्तार किया। आरोपी ओमप्रकाश भारती पुत्र सत्यराम भारती निवासी मुस्तफाबाद थाना सिकन्दरपुर के आरोप है कि वे फेसबुक प्रोफाइल से अन्य धर्म के विरुद्ध अशोभनीय धार्मिक टिप्पणी कर रहा था, जिसके विरूद्ध सिकंदरपुर थाना में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज था। काफी दिनों से फरार चल रहा था।

कार्रवाई: अंतरप्रांतीय ठग गिरोह के सात सदस्य गिरफ्तार

♦ भोले वाले युवकों को फंसा कर नौकरी के नाम पर थकते थे लाखों रुपए

केटी न्यूज/चंदौली

पुलिस अपराध व अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए अभियान चला रही है इसी क्रम में सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर युवाओं को फजीर्वाड़ा करके अपने जाल में फंसाने वाले अंतर प्रांतीय गिरोह का जनपद पुलिस ने भण्डाफोड़ किया है। साइबर सेल टीम व थाना अलीनगर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के पास से बड़ी संख्या में फर्जी नियुक्ति पत्र बरामद हुए हैं।

विदित हो कि अंतर प्रांतीय गिरोह द्वारा अब तक उत्तर प्रदेश के अलावा बिहार, झारखण्ड के युवाओं को बड़ी संख्या में अपना शिकार बनाकर लाखों रुपये की ठगी की जा चुकी है। इस तरह मिल रहे लगातार इनपुट को ध्यान में रखते हुए क्षेत्राधिकारी क्राइम आशुतोष के नेतृत्व में साइबर



सेल व थाना अलीनगर की पुलिस टीम द्वारा यह गिरफ्तारी व बरामदगी की। खुलासा व गिरफ्तारी करने वाली टीम को पुलिस अधीक्षक चन्दौली द्वारा पुरुस्कार देने की घोषणा की गई है। दरअसल 15 सितम्बर को चन्दौली जिले के अमित यादव, सुनील यादव, पंकज कुमार यादव, प्रमोद कुमार यादव, शिवा यादव, दीपू यादव, विपिन यादव, चन्द्रजीत यादव, आदित्य नरायन समेत अन्य युवकों द्वारा नौकरी के नाम फजीर्वाड़े की लिखित सूचना दी थी. जिसमें बताया कि 2021 दिसम्बर से ही एसएससी, एनटीपीसी , एग्रीकल्चर विभाग झारखण्ड मे नौकरी दिलाने के नाम पर 22 लाख रुपये सैयदराजा निवासी अभिषेक पाण्डेय, मेढ़ी निवासी ऋषि यादव, कुरहना निवासी सौरभ पाण्डेय, नोएडा निवासी अमनदीप उर्फ रोहन द्वारा लिए गए।इसके बदले फर्जी एनटीपीसी लिमिटेड का ज्वाइनिंग लेटर थमा दिया। इस बाबत अलीनगर समेत अन्य थानों में मुकदमा भी दर्ज था।

लंबी दूरी की ट्रेनों में देते थे चोरी की घटनाओं को अंजाम

सफलता : अंतरराज्यीय चोर गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार

♦ 4: 50 लाख रुपए नगद, सिंगापुरी डॉलर और जापानी येन बरामद

केटी न्यूज/पीडीडीयू नगर

चंदौली। राजकीय रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम ने सोमवार की सुबह ट्रेनों के एसी कोच में सवार यात्रियों का सामान चुराने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार ?किया है। इनके पास से साढ़े चार लाख रुपये नकद के साथ 25 सिंगापुर डालर और 51 हजार रुपये मूल्य का येन बरामद हुआ है। बदमाशों ने जून माह में हावड़ा अमृतसर एक्सप्रेस में जापान के नागरिक का सामान चोरी किया था। वहीं बाड़मेर एक्सप्रेस से एक यात्री का ट्रॉली बैग में रखे सोने चांदी के जेवरात के साथ 1.30 लाख रुपये नकदी सहित अन्य सामान चुराया था। जीआरपी ने गिरफ्तार चोरों का चालान किया है।

पीडीडीयू जीआरपी में मामले का खुलासा करते हुए सीओ जीआरपी



कुंअर प्रभात सिंह ने बताया कि इसी वर्ष 20 जून को पंजाब मेल के एसी कोच में सवार जापानी यात्री का बैग चोरी हुआ था। इसमें सिंगापुर डालर, जापानी येन और दस हजार रुपये भारतीय मुद्रा के साथ अन्य सामान थे। इसी तरह 25 जून को बाड़मेर एक्सप्रेस के ए वन कोच में सवार यात्री के दो ट्रॉली बैग चोरी हो गए। इसमें सोने चांदी केजेवरात के साथ 1.30 लाख रुपये नकद थे। इस चोरी का खुलासा करने के लिए जीआरपी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह के नेतृत्व में आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम गठित की गई। सोमवार की भोर में साढ़े चार बजे आरपीएफ निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत, जीआरपी के अतिरिक्त निरीक्षक अवधेश मिश्र, एसआई मुन्नालाल आदि की टीम प्लेटफार्म संख्या तीन और चार के नाम पट्टिका बोर्ड के समीप पहुंची तो चार संदिग्ध लोग दिखे। उन्हें पकड़ कर तलाशी ली गई तो उनके पासे बड़े पैमाने पर नकदी बरामद हुई। पूछताछ में चारों ने अपना नाम क्रमशः धीरज सिंह निवासी दुधैला बाजार, सोनपुर छपरा बिहार, वर्तमान पता राजीव नगर पटना बिहार, शंकर शाह निवासी वार्ड नंबर 13 शिवहर जिला शिवहर बिहार, उमेश कामत निवासी सुखपुर थाना सुपौल बिहार,

एसी में रिजर्वेशन करा चलता था गिरोह

ट्रेन के यात्रियों का सामान चुराने के लिए अंतरराज्यीय चोर गिरोह के सदस्यों ने हाईटेक तरीका अपनाया था। जीआरपी सीओ कुंअर प्रभात सिंह ने बताया कि पांच लोगों के गिरोह में एक महिला भी शामिल थी। उसकी तलाश की जा रही है। सभी महत्वपूर्ण ट्रेनों में एसी में कोच में रिजर्वेशन कराकर चलते थे। इनके हाव भाव से पता भी नहीं चलता था कि ये चोर हैं। चलती ट्रेन में ये सभी कोच में घूमकर रेकी करते थे। इसके बाद रात में यात्रियों का सामान समेटते और बड़े स्टेशन पर उतर जाते और फिर उसी ट्रेन के स्लीपर अथवा जनरल कोच में सवार हो जाते। दो चार स्टेशन आगे जाने पर वे उतर जाते।

मनोज शाह निवासी रामपुर थाना महुवा वैशाली बिहार बताया। चोरों ने स्वीकार किया कि वे ट्रेनों में यात्रियों का सामान चुराते हैं। बताया कि इस तरह चोरी की दो घटनाओं का खुलासा हुआ है।

सड़क दुर्घटना में असिस्टेंट प्रोफेसर की मृत्यु

गाजीपुर। पीजी कॉलेज के कृषि संकाय में जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग विभाग के प्राध्यापक डॉ. उदय प्रताप पाण्डेय का सोमवार के दिन सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। डॉक्टर पाण्डेय डेढ़ दशकों से महाविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर शिक्षण कार्य कर रहे थे। वह 2005 में महाविद्यालय के साथ असिस्टेंट प्रोफेसर कृषि वनस्पति विज्ञान विभाग के पद पद पर कार्यभार ग्रहण किए थे। वह ढोटारी गांव के मूल निवासी थे। रोजाना की तरह कक्षा लेने के बाद डॉक्टर पांडेय कहीं जा रहे थे। इसी बीच बबेडी के पास सड़क हादसे का शिकार हो गए। जिसमें उन्हें गंभीर चोटे आई। उन्हें उपचार के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया। डॉक्टर पांडेय की मृत्यु की खबर मिलते ही पीजी कॉलेज परिसर में शोक का माहौल व्याप्त हो गया। प्राचार्य डॉ राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय एवं चीफ प्रॉक्टर प्रोफे डॉ एसडी सिंह 'परिहार' की मौजूदगी में महाविद्यालय परिसर में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए शोक सभा का आयोजन हुई। शोक सभा में समस्त शिक्षक एवं कर्मचारियों के साथ ही छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहीं। आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन भी रखा गया। मौके पर राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि डॉक्टर यूपी पाण्डेय एक शिक्षक के तौर पर अपने जिम्मेदारियों के प्रति सदैव सजग रहते थे।

जिलास्तरीय बैडमिंटन के फाइनल में चहनियां ब्लॉक रहा विजयी



केटी न्यूज/चहनियां

चंदौली । बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता सोमवार को बबुरी में आयोजित की गई । जिसमे युगल बैडमिंटल में पूर्व माध्यमिक विद्यालय महुअर कला की खिलाड़ी संध्या कुमारी तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय हृदयपुर की खिलाड़ी मीनू पांडेय के प्रयास से फाइनल मैच में धानापुर को हराकर जनपद में चहनियां विकास खंड ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

प्रतियोगिता चंदौली के उप जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लालमड़ी राम देख रेख में संपन्न हुई । तथा निर्णायक के रूप में जिला व्यायाम शिक्षक विवेकानंद दुबे रहे।

इस दौरान ओम प्रकाश सिंह यादव प्रधानाध्यापक पूर्व माध्यमिक विद्यालय महुअ र कला , परमानंद यादव , गौतम लाल व्यायाम शिक्षक , रवि प्रकाश सहित जनपद के अन्य शिक्षक , छात्र छात्रा एव गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सांसद रमेश बिधूड़ी का बयान अमर्यादित: सोहेल

अलीनगर(चंदौली)। तारापुर स्थित सोहेल खान की आवास पर ऑल इंडिया मजलिस- ए - एत्तेहादुल मुस्लेमीन की बैठक सोमवार को हुई। इसमें लोकसभा चुनाव मजबूती से लड़ने पर चर्चा किया गया। एआईएमआईएम नेता सोहेल खान ने कहा कि दो दिन पहले संसद में जो हुआ वह इतिहास के पन्नों में दर्ज होना चहिए। रमेश बिधूड़ी द्वारा लोकसभा में अमरोहा से सांसद कुंवर दानिश अली को उग्रवादी, मुल्ले, आतंकवादी जैसे शब्दों से संबोधित करना ये दशार्ता है कि भाजपा के सांसद रमेश विधूड़ी की भाषा अनपढ़ गवार गली के गुंडा की तरह है।

जिसका एआईएम आईएम पुरजोर विरोध करता है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से यह मांग किया जाता है कि रमेश विधूड़ी को तत्काल निलंबित किया जाय। आजीवन चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगाया जाय। ऐसी भाषा बोलकर भाजपा क्या संदेश हिंदुस्तान के आवाम को देना चाहती है।

महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ मजदूर यूनियन ने निकाला जुलूस



केटी न्यूज/चंदौली

अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन की ओर से सोमवार को देश में बढ़ रही महंगाई बेरोजगारी व दिहाड़ी मजदूर की समस्या को लेकर जिले के कार्यकताओं ने जुलूस निकाल कर प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकताओं ने सरकार के विरोध में नारेबाजी की और सदर ब्लॉक परिसर से जुलूस निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे।जहां मांगों से संबंधित ज्ञापन जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे को पत्रक सौंपा। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के कारण नौजवान, मजदूर, किसान, बेरोजगार सभी परेशान हैं। कहा कि सरकार मजदूर मनरेगा में 33 प्रतिशत बजट कटौती वापस लिया जाए, सीलिंग से निकली जमीन ,बंजर, आबादी की जमीन का गरीबों में पट्टा दिया जाए। 200 यूनिट बिजली फ्री हो, आवास हेतु जमीन का पट्टा दिया जाए।बैराठ फार्म, मूसाखाड, शाहपुर में सीलिंग से निकली जमीन का गरीबों को पट्टा करें, ताकि इसका लाभ गरीबों को मिल सके। रेलवे, बैंक, बीमा का निजीकरण बंद होना चाहिए।इसे किसी भी सूरत में मजदूर वर्ग बर्दाश्त नहीं करेंगा। वहीं महंगाई व बेरोजगारी खिलाफ 11अक्तूबर को वामपंथी पार्टियों ,जनवादी दलों की लखनऊ में प्रदेशव्यापी होने वाली रैली में भारी संख्या में शामिल होने का आह्वान किया।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती तथा अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस का समापन कार्यक्रम मनाया गया

पंडित दीनदयाल का कृतित्व हमेशा रहेगा प्रेरणास्रोत

केटी न्यूज/गाजीपुर

गरीबों और दलितों के मसीहा राष्ट्रवादी नेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय को उनकी जन्म जयंती पर जखनियां मंडल प्रथम के बूथ संख्या 203 पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

इस अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा कि माँ भारती की सेवा में जीवनपर्यंत समर्पित रहे अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय का व्यक्तित्व और कृतित्व देशवासियों के लिए हमेशा प्रेरणा स्रोत बना रहेगा। एक सशक्त राष्ट्र के रूप में भारत को बेहतर बनाने के लिए उनके योगदान निरंतर प्रेरित करते रहेंगे। उनकी जन्म-जयंती पर उन्हें मेरा सादर



नमन। दीनदयाल उपाध्याय को भारत में गरीब-दलितों की आवाज भी कहा जाता है। उनका सपना था कि देश की हर जन कल्याणकारी योजना का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के लिए योजनाएं बननी चाहिए। देश के लिए दिए गए उनके योगदान के उपलक्ष्य में उनकी जयंती 25 सितंबर को अंत्योदय दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनके सपनों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साकार किया और भाजपा सरकार की सारी योजनाएं देश के अंतिम व्यक्ति से शुरू होकर उनके जीवन मे व्यापक बदलाव लाई है। इस मौके पर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रशांत सिंह, धर्मेंद्र कुशवाहा, अभय सिंह, सेवक राम, मोहम्मद, काजल, गुड़िया, उमेश सिंह, पिंटू राम, दिनेश गुप्ता, सुनील सिंह, रविकांत गुप्ता, रामाश्रय शर्मा, रिंकू, नंदलाल सहित प्रमुख लोग उपस्थित रहें।

एकात्मक मानववाद के प्रणेता थे पं दीनदयाल

चंदौली। आचार्य सीताराम चतुर्वेदी महिला महाविद्यालय में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती तथा अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस का समापन कार्यक्रम मनाया गया। महाविद्यालय की निदेशिका प्रो .कल्पलता पांडेय,पूर्व कुलपति,जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया,उप्र ने कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा दी। वे एक समावेशित विचारधारा के समर्थक थे, जो एक मजबूत और सशक्त भारत चाहते थे। राजनीति के अतिरिक्त साहित्य में भी उनकी गहरी अभिरुचि थी। उन्होंने हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में कई लेख लिखे, जो विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल जी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक और संगठनकर्ता थे। वे भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष भी रहे। इनका जन्म 25 सितंबर 1916 को मथुरा उत्तर प्रदेश में हुआ था। 11 फरवरी 1968 को मुगलसराय रेलवे परिसर में उनकी मृत्यु हुई। मुगलसराय का नाम बदलकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर रखा गया है।

एक नजर

रैली निकाल साफ सफाई के प्रति किया जागरूक



अलीनगर (चंदौली)। मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा संचालित सम्मान विशेष विद्यालय अलीनगर के छात्र छात्राओं द्वारा द्वारा सफाई के प्रति जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से अभिभावकों को साफ सफाई के प्रति जागरूक करने का काम किया गया।अलीनगर वार्ड नंबर 16 में स्थित सम्मान विशेष विद्यालय के बच्चों द्वारा अलीनगर में सफाई के प्रति जागरूकता रैली निकाली गई। रैली विद्यालय प्रांगण से निकलकर आलू मिल,चकिया तिराहा,अलीनगर तिराहा सहित वापस पहुंचकर समाप्त हुई। संस्था के प्रधानाचार्य जवाहरलाल द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। विशेष शिक्षक राजकुमार राजभर,दिनेश कुमार, रोशन कुमार, नूर हसन,सपना सिंह,प्रिया मौर्या ,सुशील,रीमा सिंह आदि अध्यापक गणित उपस्थित रहे ।कोर्स कोआर्डिनेटर पुष्पा कुशवाहा ने अंत में धन्यवाद किया।

पानी निकासी की व्यवस्था न होने से जलजमाव से परेशानी



मऊ । मोहम्मदाबाद गोहना में सुबह से लगातार हो रही बारिश के कारण स्थानीय कोतवाली परिसर पूरी तरह से पानी पानी भर गया है जिसका मुख्य कारण यह है कि पानी की निकासी की व्यवस्था न होना है। जिसके चलते आए दिन कोतवाली में पानी जमा हो जाता है जिससे जनता तथा सिपाही एवं अन्य लोग इस जल जमाव के बीच से होकर आते जाते हैं। बताते चले कि कुछ दिन पूर्व अभी कई दिनों तक बरसात का पानी जम रहा तथा पुलिस के लोगों ने मोटर लगाकर किसी तरह से पानी को बाहर निकाला । सोमवार को सुबह से ही लगातार हो होने से विकासखंड एवं एसडीएम प्रांगण में भी जल जमाव बना हुआ है। इस जल जमाव से होकर आ जा रहे लोगों ने मांग किया है कि पानी की निकासी हेतु गहरा नाला बनाया जाए जिससे बरसात का पानी ना रुके और लोगों को आने-जाने में परेशानी भी ना हो।

राम नवल सिंह पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ आयोजन



मऊ । चिरैयाकोट क्षेत्र के रामनवल सिंह स्मारक पी जी कालेज चिरैयाकोट की छात्राओं ने सोमवार राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत स्वच्छता सेवा अभियान कार्यक्रम में जगह - जगह साफ - सफाई करते हुए स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया। वहीं महाविद्यालय की छात्राओं को स्थानीय पुलिस ने स्वच्छता की महत्ता के साथ नारी सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० चंद्रभान सिंह, देवेन्द्र प्रताप यादव, डॉ० स्वर्ण सिंह एवं छात्राओं में सोनम भारती, खुशबू, अमृता सिंह, ज्योति गुप्ता, सुष्मिता सिंह, मधुबाला राय,पिंकी सिंह आदि उपस्थित रहीं।

आरएएस इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी में मनाया गया विश्व फर्मासिस्ट डे



मऊ । परदहां ब्लाक क्षेत्र के आरएएस इंस्टिट्यूट ऑफ फामेर्सी में विश्व फर्मासिस्ट दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ रविकांत तिवारी ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। तदउपारंत फामेर्सी के छात्रों द्वारा पोस्टर स्लोगन रैली निकालकर जागरूक किया गया।जिसके माध्यम से छात्रों ने विभिन्न प्रकार के पोस्टर बना कर अपने जानकारी को साझा किया साथ ही विद्यालय की छात्राओं द्वारा रंगोली बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन भी किया गया। इस मौके पर छात्रों को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ रविकांत तिवारी ने कहा कि 25 सितंबर 2009 से फार्मासिस्ट को समर्पित यह दिन उन्हें सम्मान देने तथा उन्हें उनके योगदान को उजागर करने के लिए विश्व फार्मासिस्ट दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर विद्यालय के संचालक दिलीप कुमार सिंह, अध्यापक ज्ञान प्रकाश सिंह,अनिल जायसवाल, दिपेंद्र यादव,मोहम्मद तारीक,रवि कुमार, प्रबल कुमार गोयल आदि प्रवक्ता उपस्थित रहे। इस दौरान बिपुल यादव,सुमित गुप्ता, विशाल सिंह, अप्रिता मौर्य, पुजा चौहान आदि छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पुरस्कृत किया गया।

17 लोगों को जिलाबदर करने का आदेश जारी

मऊ। जिला मजिस्ट्रेट अरुण कुमार द्वारा धारा 3(1) उप्र गुंडा एक्ट नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 17 लोगों को जिलाबदर करने का आदेश जारी किया गया। जिसमें सेराज कुरैशी पुत्र मुख्तार अहमद निवासी हमिनपुर थाना दक्षिण टोला जनपद मऊ, अनिरुद्ध यादव पुत्र तपेश्वर यादव निवासी कंधरापुर थाना रामपुर जनपद मऊ, जवाहिर चौहान पुत्र रामपति चौहान निवासी धरमपुर टाड़ी थाना मधुबन जनपद मऊ, बंगाली चौहान पुत्र रामपति चौहान निवासी धर्मपुर टाड़ी थाना मधुबन जनपद मऊ, गुलाब चौहान पुत्र रामपति चौहान निवासी धरमपुर टाड़ी थाना मधुबन जनपद मऊ, गोलू सोनकर पुत्र जंगी सोनकर निवासी पूरा दुर्जन राय महरनियां थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ, रितेश सोनकर उर्फ किलर पुत्र मुन्नालाल सोनकर निवासी महरनियां दक्षिण टोला थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ, आकाश उर्फ आशु पुत्र नरसिंह निवासी महरनियां दक्षिण टोला थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ, राजू यादव पुत्र गुलाब यादव निवासी हसनपुर थाना रामपुर जनपद मऊ, दुर्गेश यादव पुत्र प्रभु यादव निवासी हसनपुर थाना रामपुर जनपद मऊ, अमलेश यादव पुत्र रामजनम यादव निवासी जसड़ा थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ, राघवेंद्र सिंह पुत्र नंदराज सिंह निवासी कहिनौर थाना सरायलखंसी जनपद मऊ, अभिषेक यादव उर्फ गणेश यादव पुत्र हरिहर यादव उर्फ मुसम्मी यादव सा सहादतपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ, परवेज अहमद पुत्र स्वर्गीय शब्बीर अहमद सा पठान टोला लंबी तरबत थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ, अमलेश यादव पुत्र सुखराज यादव निवासी जमुनीपुर थाना दोहरीघाट जनपद मऊ, रामपत पुत्र सुदर्शन चौहान निवासी सरवां थाना सरायलखंसी जनपद मऊ एवं आदित्य सिंह उर्फ गोलू पुत्र दिलीप सिंह मलिन बस्ती नगर जनपद मे शामिल हैं।